
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328

दैनिक
# समाज जागरण
TITLE CODE :UPHIN49919
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 161 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 27 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया

## 'कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए आरक्षण का किया उपयोग', कर्नाटक में कांग्रेस पर जमकर बरसे अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने उन लोगों को कभी याद नहीं किया, जिन्होंने "क्रूर" निजाम शासन से हैदराबाद की मुक्ति के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति दी. जिले के गोरता गांव में गोरता शहीद स्मारक और देश के पहले गृहमंत्री दिवंगत सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार आज भी हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने में "हिचकती" है.



केंद्रीय मंत्री शाह ने नौ मई, 1948 को गोरता में हुई बर्बर घटना को याद करते हुए कहा कि देश आजाद होने के बावजूद "क्रूर" निजाम ने 200 लोगों का नरसंहार किया था. शाह ने कहा, "यहां गोरता में क्रूर निजाम ने 200 से ज्यादा लोगों का नरसंहार किया, लेकिन कांग्रेस ने अपनी तुष्टीकरण की नीति के चलते उन लोगों को कभी याद नहीं किया, जिन्होंने हैदराबाद की मुक्ति के लिए संघर्ष किया और कुबार्नी दी." सरदार पटेल को श्रद्धाजंलि देते हुए उन्होंने कहा कि पटेल न होते तो हैदराबाद आजाद नहीं होता.

अमित शाह ने कहा, "तेलंगाना सरकार हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने से हिचक रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इस दिन को भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया है. अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है.

## परिवहन मंत्री कल जनपद बलिया में 10 नई बसों को दिखाएंगे हरी झंडी

**-जिले का सुविधा विस्तार**
**-जीरावस्ती कार्यशाला, बलिया डिपो का भूमि पूजन भी करेंगे**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह 27 मार्च को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, जीरावस्ती कार्यशाला बलिया डिपो का भूमि पूजन करेंगे एवं 10 नई बसों का उद्घाटन भी करेंगे।



10 नई बसों के डिपो में शामिल हो जाने से क्षेत्रावासियों को आवागमन में सुविधाएं होंगी। यह जानकारी देते हुए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, बलिया ने बताया कि जीरावस्ती कार्यशाला बलिया के उद्घाटन से सम्बंधित समस्त तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने बताया कि 10 नई बसों को हरी झंडी दिखाने की सभी व्यवस्था हो चुकी है।

### परिवहन मंत्री ने किया मोबाइल वेटरनरी यूनिट का शुभारंभ

ईएसवीएचडी योजनान्तर्गत रविवार को मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट का शुभारम्भ दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उ0प्र0 सरकार, जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष भाजपा के साथ जिलाधिकारी रवींद्र कुमार बलिया एवं मुख्य विकास अधिकारी, बलिया, परियोजना निदेशक एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बलिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

मोबाइल वेटेरिनरी वाहन का टोल फ्री नं० 1962 है। जनपद में सात मोबाइल वेटेरिनरी वाहन आवंटित की गयी है। 50 प्रतिशत मोबाइल वेटेरिनरी वाहन प्रतिदिन निर्धारित रूट पर प्रातः 08:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक चिकित्सा कार्य करेंगी तथा शेष 50 प्रतिशत मोबाइल वेटेरिनरी वाहन इमरजेन्सी रूट पर प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक चिकित्सा कार्य करेंगी। रात्रि 08:00 बजे के बाद प्राप्त इमरजेन्सी काल अगले कार्य दिवस में अटेन्ड की जायेगी। निर्धारित रूट पर चलने वाले वाहन प्रतिदिन कम से कम 03 ग्राम पंचायतों में जाकर बीमार पशुओं का उपचार करेगी। टोल फ्री नं0 1962 पर पशुपालकों द्वारा काल की जायेगी। उस काल परीक्षण काल सेन्टर पर उपलब्ध पशु चिकित्साविद द्वारा किया जायेगा। तद्पश्चात इमरजेन्सी होने की दशा में मोबाइल वेटेरिनरी वाहन पर तैनात पशु चिकित्साविद को काल ट्रान्सफर की जायेगी। मोबाइल वेटेरिनरी वाहन तत्काल सम्बन्धित पशुपालक के द्वार पर प्रस्थान कर उपचार करेगी।

पशुपालक द्वारा की गयी काल का काल सेन्टर पर तैनात पशु चिकित्साविद द्वारा इमरजेन्सी का परीक्षण करने के उपरान्त यदि पशुपालक की समस्या इमरजेन्सी श्रेणी में नही है तो टेलीमेडिसीन प्रेसक्राइब कर पशुपालकों की समस्या का समाधान किया जायेगा। पशुपालाकों का उनके द्वार पर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। पशुपालकों से सिर्फ पंजीकरण शुल्क लिया जायेगी। शासन द्वारा प्रति बड़े पशु (गाय, भैंस, घोड़ा आदि) रू0 05.00 प्रति छोटे पशु (भेंड़, बकरी, सुकर आदि) तथा प्रति कुत्ता बिल्ली रू0 10.00 निर्धारित किया गया है। सरकार की इस योजना से दुरस्थ ग्रामों में निवास करने वाले पशुपालकों को निःशुल्क पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे पशुपालकों के आय में वृद्धि होगी। इस मौके पर जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशु चिकित्साधिकारी तथा कार्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**रिपोर्टर चाहिए दिल्ली नोएडा से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र को**

* देश में तेजी से फैलते दैनिक समाज जागरण सीपी एच को अंशकालीन पत्रकारों की आवश्यकता है।
अपने क्षेत्रों में रहकर एरिया वाइस युवक युवतियां हरियाणा पंजाब हिमाचल के हर क्षेत्र से विज्ञापन प्रतिनिधि और रिपोर्टर संपर्क करें *
योग्यता अनुसार मानधन दिया जाएगा संपर्क 9802414328

**,सोमवार से पढ़िए घर समाज में धन प्रतिष्ठा कमाएं**
**खाटूश्याम जी की मनमोहक कला कीर्ति से ज्वेलरी मंगाईए नरेश गुप्ता ज्वेलरी खाटूश्याम जी मनमोहक ज्वेलरीअंबाला कैंट, खाटू श्याम भक्त की कलम बताएगी चमत्कार केसे होगा संकट से बेड़ा पार-**
9802414328

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने बालिका आश्रम में मनाया अपना 59वा जन्मदिवस

**कृष्णराज अरुण सीपी एच संपादक-राजधानी ब्यूरो टीना ठाकुर**

चंडीगढ़/शिमला - परमार्थ जनसेवा को समर्पित हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बालिका आश्रम टूटीकण्डी, शिमला में आज रविवार को बालिकाओं के साथ अपना 59वां जन्मदिवस मनाया और उन्हें मिठाईयां बांटी। इस अवसर पर केक भी काटा गया तथा बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के 6 हजार अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना आरम्भ की है तथा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए भी एक योजना तैयार की जा रही है, जिसे शीघ्र ही आरम्भ किया जाएगा। यह योजना ऐसे बच्चों की क्षमता विकास तथा उनकी आकांक्षाओं को पूर्ण कर आजीविका अर्जित करने के उद्देश्य से बनाई जा रही है जिसे पूरी निष्ठा से पूर्ण किया जायेगा।

इससे पूर्व, विभिन्न क्षेत्रों तथा वर्गों के लोगों ने मुख्यमंत्री के निवास ओक ओवर में जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना की।

मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा, कमलेश ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।




प्रदेश सचिवालय में मुख्यमंत्री ने देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाएं कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं खेल नियंत्रण बोर्ड की टीम को सम्मानित किया।

उन्होंने विजेता टीम को एक लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने जागरूकता पैदल यात्रा में भी भाग लिया जिसमें सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

यह यात्रा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सचिवालय से आरम्भ होकर ओक ओवर में सम्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री रिज पर रक्तदान शिविर तथा गेयटी थियेटर मे सिनर्जिस्टिक यूथ एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का भविष्य उज्ज्वल है तथा राज्य देश में मॉडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार मादक पदार्थो के दुरूपयोग को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने जा रही है। प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र को और सुदृढ़ करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने ट्वीट के माध्यम से मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दूरभाष पर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मंत्रीगण, विधायकगण, विभिन्न बोर्ड तथा निगम के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने माता तारा देवी मंदिर में शीश नवाया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की उन्नति तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

## नोएडा औद्योगिक सेक्टरों में व्यवसायिक उपयोग पर नीति बनाकर हो बदलावः अनिल के गर्ग

**हमसे तो अच्छा शहर के 1 लाख ठेली पटरी वाले है जिनको प्राधिकरण नें हजार 2 हजार लेकर अनुमति दिया हुआ है। प्रभारी मंत्री के सामने समस्या रखते हुए एनईए अध्यक्ष श्री विपिन महल्हन ने कहा। समय समय पर बदलाव के लिए उठते रहे है मांग लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने तानाशाही रवैया अपनाए हुए है।**




**समाज जागरण नोएडा डेस्क**

नोएडा सेक्टर 9-10 को अब व्यवसायिक बनाने की मांग जोरो शोरो से उठने लगी है। पिछले 25 वर्षो से नोएडा के कई औद्योगिक सेक्टरों को व्यवसायिक सेक्टरों में बदलने की मांग जारी है। हाल ही में नोएडा इन्टरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विपिन मल्हन ने प्रभारी मंत्री के सामने अपने ब्यान मे नोएडा प्राधिकरण पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि ह्वहमसे अच्छा तो शहर के 1 लाख से ज्यादा ठेली पटरी वाले है जिनको हजार, दो हजार लेकर लाइसेंस पकड़ा दिया जाता हैह्व जबकि हम व्यापारी लोग सरकार को टैक्स देते है। लोगो नें जगह लीज पर लिया हुआ है। दुकान से लोगों के रोजगार चलते है और लोगो को रोजगार मिलते है।

श्री मल्हन ने कहा " पहले मशीन के कोई भी पार्ट अगर खराब होता था तो लोगो को दिल्ली के कश्मीरी गेट जाना पड़ता था या फिर गाजियाबाद के लालकुआँ। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और समय भी खराब होते थे। हम लोगों नें धीरे-धीरे उन पार्टो की उपलब्धता यहाँ बढ़ा दी । इसे हम लोग रॉ मेटेरियल के मार्केट के रूप में पहचान दिलाया है। लेकिन आये दिन कोई भी अधिकारी आते है और कहते है दुकानों को सील कर दो। दुकान को सील करके चले जाते है। नोएडा में उद्यमियों के समस्या को प्रभारी मंत्री के सामने रखते हुए उन्होनें कहा जिसका विडियों टवीटर पर टवीट किया गया है।

नोएडा शहर के वरिष्ठ नागरिक व अधिवक्ता श्री अनिल के गर्ग ने टवीटर पर अपने पहले के विचार को साझा करते हुए लिखा है "हम तो पहले से ही नोएडा प्राधिकरण से मांग करते आ रहे है लेकिन बड़ी हैरानी की बात है प्राधिकरण



ने अभी तक इस पर कोई स्पष्ट नीति तैयार करने में असफल रही है। जबकि नोएडा सेक्टर 8,9 और 10 तो लगभग पूरी तरफ से व्यवसायिक गतिविधियों में लिप्त है" नोएडा प्राधिकरण को चाहिए कि एक स्पष्ट नीति बनाकर जो भी शुल्क बनता है उसको लिया जाय और इन औद्योगिक क्षेत्रों को व्यवसायिक में बदलाव करे।

इसके साथ ही इन क्षेत्र से प्राप्त राजस्व को इन्ही क्षेत्रों के विकास में लगाया जाय ताकि यह एक स्मार्ट सिटी बन सके। नोएडा के इन सेक्टरों मे हुए अतिक्रमण को देखकर कोई कह सकता है कि नोएडा एक स्मार्ट सिटी है। एक तरफ दुकाने खुली हुई है तो दूसरी तरफ झुग्गी झोपड़ी नें विशाल रूप लिया हुआ है।

अब जबकि नोएडा सेक्टर 5, 8,9,10 में बड़ी मात्रा में व्यवसायिक गतिविधियाँ चल रही है तो अब नोएडा प्राधिकरण को इन सेक्टरों को व्यवसायिक घोषित कर नियम अनुसार राजस्व प्राप्त करना चाहिए। 50 हजार से लेकर 1 लाख 25 हजार प्रति वर्ग स्क्वाइर मीटर के दर से शुल्क लेकर 2 का एफएआङ्ख देना चाहिए। इसके साथ ही जो बिजली औद्योगिक नीति के तहत सस्ती दर पर उपलब्ध कराये जा रहे है उसे भी व्यवसायिक में बदलना चाहिए। इसके साथ ही जिस प्रकार से दिल्ली के चांदनी चौक को विकसित किया गया है उसी तर्ज पर नोएडा सेक्टर 8,9 और 10 को भी विकसित करने की जरूरत है।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : समाजवादी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह ने सांसद राहुल गांधी



की लोकसभा सदस्यता समाप्त किये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया है।

पूर्व विधायक ने कहा कि राहुल गांधी जिस निर्भिकता से लोकतंत्र की रक्षा हेतु आवाज उठा रहे थे, सरकार ने उनकी सदस्यता समाप्त कर उसे दबा दिया है। राहुल गांधी लोकसभा में जो विचार रखना चाहते थे सरकार ने वह रास्ता ही बंद कर दिया। राहुल को अब सुअवसर मिल गया। अब वे पूरे समय विपक्षी एकता के लिये मेहनत करें। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अगले लोकसभा चुनाव में तानाशाह हुकुमत को उखाड फेंकने का संकल्प लें। उन्हे चाहिये कि समान विचारधारा वालों के साथ अभी से तालमेल का प्रयास करें।

पूर्व विधायक ने राहुल गांधी को सझाव दिया कि वे स्वंय प्रधानमंत्री की दौड से बाहर रह कर किंगमेकर की भूमिका निभायें। आने वाले समय में भाजपा को उसकी करनी का फल जनता अवश्य देगी। हिंडन वर्ग की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार बौखला गयी है।

## नोएडा सदरपुर सेक्टर 45, पिज्जाग्रीड कैफे का भव्य शुभारम्भ।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा सदरपुर सेक्टर 45 स्थित हरिधन प्लाजा में पिज्जाग्रीड कैफे का आज भव्य शुभारम्भ किया गया।



उत्तर प्रदेश महिला आयोग के अध्यक्ष श्रीमती बिमला बाथम ने आज रिबन काट कर इसका श्री गणेष की तथा इस उद्घाटन के लिए बधाई दी ।

सदरपुर हरिधन प्लाजा में आयोजित आज के शुभारम्भ कार्यक्रम में पिज्जाग्रीड कैफे के स्वामी श्रीमती सुनिता सिंह ने मुख्य अतिथि व पूर्व विधायक नोएडा, उत्तर प्रदेश महिला आयोग के अध्यक्ष श्रीमती बिमला बाथम का भव्य स्वागत किया और कार्यक्रम में पधारे सभी सम्मानित भाई बहनो का आभार व्यक्त किया। इस शुभारम्भ के लिए राष्ट्रीय योगी सेना के नोएडा महानगर अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार राजपूत एवं सदस्या बड़ी संख्या में मौजूद रहे और इस स्टार्टप के लिए शुभकामना दी है।

बताते चले की इस पिज्जाग्रीड के उद्घाटन होने से आस-पास के लोगों में बहुत ही उत्साह देखा गया औङ्ख आज पहले दिन भी अच्छी खासी ग्राहक देखने को मिला।

इस अवसर पर सीएङ्ख एङ्ख पीङ्ख सिंह, एनङ्ख पीङ्ख सिंह शैलेन्द्र सिंह, गिरीश कोटनाला, भाजपा मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, जितेन्द्र कुमार राजपूत, उमेश चौहान, संजय चौहान, सूरज गुप्ता, अमरजीत दास,संजीव राठौर, राजेंद्र चौहान, राकेश चौहान, देवेन्द्र प्रताप सिंह,पूनम सिंह, डिम्पल आनंद, साधना चौहान, लक्ष्मी पटवाल, इंद्रावती, रूपा गुप्ता,आशा पोद्दार, मोहन पटवाल , मनीष जमुआर, सुखेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे

# घर को सजाए ऐसे कि दीवारें बोल पड़े वाह!!!!

**समाज जागरण**

अधिकांश लोगों का मानना होता है कि घर बड़ा हो या फिर महंगी चीजों और बड़े-बड़े सामानों से ही घर की सजावट होती है। लेकिन घर को सजाने के लिए छोटी से छोटी चीज भी बड़ी मायने रखती है और घर छोटा हो या बड़ा उसकी सजावट का लेकर हर किसी के मन में उथल-पुथल मची ही रहती है। घर को सजाने का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है उसका रंग। रंगों से आप अपने घर को जैसा चाहे वैसा लुक दे सकते है। रंग बड़े घर को छोटा और छोटे घर को बड़ा बना सकते है। लेकिन इसके साथ ही कई ऐसे विकल्प भी है, जिनसे आप छोटे से घर को एक एक्सपेंसिव लुक दें सकते हैं। अधिकांश छोटे घरों में दो रूम, किचन, बाथरूम, लिविंग रूम और गार्डन होता है। बड़े घरों को डेकोरेट करना फिर भी आसान होता है। लेकिन छोटे घरों को सजाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन आजकल स्पॉट पेंट का स्टाइल है उससे दीवार पर फोटो फेम या किसी भी तरह की पेटिंग लगाने की कोई जरूरत महसुस नहीं होती है। लेकिन आप निम्न बातों के साथ आपने घर को एक डिफरेंट लुक दे सकते हैंरू-

रंगों का भी रखें ख्याल

रंग तो कई होते हैं पर आपकी पसंद ही यह निश्चित करती है कि आखिर में कमरा कितना बड़ा या छोटा दिखेगा। गहरे रंग जीवंतता का भाव पैदा करते हैं, लेकिन निश्चित रूप से कमरे को छोटे दिखाते हैं, खासकर तब जब कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन की कमी हो कूल और हल्के रंगों से इसके विपरीत कमरा बड़ा और अधिक खुला दिखता है, जिससे आप उसे अच्छे से डेकोरेट कर पाएगें। घर छोटा हो तो जाहिर है ज्यादा सामान मुसीबत बन जाता है। घर के एक-एक इंच कोने का इस्तेमाल स्मार्ट तरीके से करें। इनमें जो भी सामान रखें वो सलीके से, ताकि जगह का भी इस्तेमाल हो और देखने में भी बुरा न लगे। इस तरह से आप अपने छोटे से घर को भी बेहतर ढग से सजा सकते है और उसके लुक को एक बेहतरीन, शाही, एक्सपेंसिव और खूबसूरत लुक देने के साथ उसकी सजावट का सकते है। जिसे देखकर कोई भी वाह किया बिना नहीं रह सकेगा।

**कुशंस से भी सजाएं**

मार्केट में कुशंस की काफी वैराइटीज मौजूद है, जैसे-सिल्क, कॉटन, पॉली सिल्क, सिंथेटिक, हाथों से बनाई, मशीन से बनाई, मशीन की सजावट से प्रिंटिट या ब्लॉक प्रिंटिट और केवल प्रिंटिट वाले भी मौजूद हैं। डिफरेंट फेब्रिक के डिजाइन उपलब्ध हैं। जिसे आप आसानी से मिक्स और मैच करके इस्तेमाल करके अपने घर की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं। कोटन, सिल्क और पॉलिस्टर के कुशंस सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जा रहे हैं। कोटन कुशंस खासतौर से गर्मी के मौसम में लगाए जाते हैं। सिंथेटिक, जार्जेट सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किए जाने वाले फेब्रिक में आता है। टिशु, वूल, नाइलोन, लेस और वेलवेट के कुशंस रूम को एक हाई प्रोफाइल लुक देते हैं। कुशन की बनावट बहुत तरीकों से की जाती है, जैसे-जरदोजी, एम्ब्रॉयडरी, एपीक्यू, प्रिंटिंग, पेंटिंग आदि जिससे उसकी बनावट में तो चार-चांद लगते ही हैं, साथ ही आपके घर के इंटीरियर को भी एक हाई लुक के साथ-साथ शानदार लुक भी मिल जाता है। कुशंस से इस तरह सजाए अपने घर को-

बड़े कुशन को पीछे रखते हुए उससे छोटे को आगे घटते क्रम में लगाकर रखने से बेड और सोफे का लुक डिफरेंट दिखने के साथ ही आपके डेकोरेटिव कुशन के कपड़े और रंग को भी आसानी से देखा जा सकता है।

डेकोरेटिव कुशंस रूम की शोभा को बढ़ाने के साथ उसे एक डिफरेंट लुक भी देते हैं। खासतौर से खिड़कियों के पास बैठने की जगह पर रखकर, आप उस साइड प्लेस को भी एक आकर्षित लुक दे सकते हैं। इस तरह के कुशन को आप जब पढ़ रहे हों तो सपोर्ट के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, साथ ही इसे आप रात को बैठकर रूम में बात करते समय साइड सपोर्ट के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। रेडिमेड कुशंस की भी मार्केट में काफी वैराइटीज देखी जा रही है। उनमें से नेट और टिशू के फेब्रिक से बने कुशंस देखने में काफी सुंदर लग रहे हैं। धागों से बनी एम्ब्रॉयडरी एक अलग लुक देती है। झालर और सिक्योस लगे रेडिमेड कुशंस और भी सुंदर लगते हैं और एक शाही लुक देते हैं। साथ ही लेदर, साटन, सिल्क, जार्जेट, सिंथेटिक, कॉटन, पॉलिस्टर, जार्जेट मिक्स सिल्क, प्लास्टिक, कॉटन मिक्स सिंथेटिक आदि कई तरह के कुशंस मौजूद हैं।

बेडरूम घर का सबसे सुकून देने वाला स्थान होता है। इसलिए उसकी सजावट और बनावट घर के और स्थानों से अधिक ध्यान देकर बनाई जाती है। बेडरूम में कुशंन से सजावट करते समय यह जरूर ध्यान दें कि जिस रंग की बेडसीट हो, उसी रंग का कुशन या उससे मिक्स मैच करता हुआ ही कुशन रखें। बेड को आप रंगों से भर सकते हैं, जैसे-ब्राउन, रेड और कॉपर के रंग। कुछ गहरे रंग और कुछ डिजाइन या डेकोरेट होते लेकिन ये सब एक-दूसरे के साथ जुड़े होने चाहिए।

अलग-अलग तरह आकार और रंगों के कुशन लेकर उसे सोफे या बेडरूम या फिर साइड कॉर्नर में डिफरेंट तरीके से सजा दें, जिससे देखने वाले को वे अपनी ओर तो आकर्शित करेगा ही, साथ ही डिजाइनर लुक भी देगा। इसके लिए आपको चाहिए कि आप सारी अलग-अलग वैराइटीज के कुशंस लें, जैसे-लेदर, सिल्क और कॉटन के कपड़े के साथ डिफरेंट रंगों और डिजाइनों के फेब्रिक लें।

हर रूम कुछ कहता है

डोर को इस स्टाइल से सजाएं कि वो देखने में अट्रैक्टिव लगे और भरा-भरा सा भी। दीवारों की साइड आप लकड़ी की सीढ़ी स्टाइल के बुकशेल्फ बनाएं। इसके अलावा दरवाजे के ऊपर भी लकड़ी से कैबिनेट बनवाएं। मेन गेट पर विभिन्न प्रकार के पौधों के गमले लगवा सकते है। घर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है किचन। किचन की सजावट के लिए आप किचन के ड्रा को स्लाइड स्टाइल के बना सकते है। किचन में एक ऐसा अंडर शेल्फ बनवा सकते है जो आपके छोटे-मोटे बर्तनों को एजस्ट कर देता है और एक बटन दबाने पर खुल और बंद हो जाता है जिससे वे किचन को एक स्टालिश लुक तो देता ही है साथ ही जगह भी कम घेरता है। बाकी के शेल्फ दीवार से जुड़े बनवा ले, स्लाइड या शीशे वाले बर्तन रखने वाला ऐसा एजस्ट करवाए जिसमें पानी जमा ना हो पाए। यदि बाकया आपका किचन छोटा है तो आप उसे ऑपन किचन का भी लुक दे सकते है। जिससे स्पेस के साथ डिनर टेबल भी वही लगा सकते है।

लिविंग रूम में बैठक के लिए आज बहुत सी वैराइटीज मार्केट में उपलब्ध है जिन्हें इस्तेमाल कर आप अपने घर के इस एरिया को भी एक बेहतरीन लुक प्रदान कर सकते है। ज्यादातर लोग वही पुरानी सोफा सेट स्टाइल लिविंग रूम में रखते है चूंकि वे काफी ऑल्ड फैशन हो गया है इसलिए आप उसकी जगह फोल्डिड सोफा सेट या सोफा विथ बेड रख सकते है। इससे टू-इन-वन काम हो जाता है। मेहमान कभी भी घर आ जाते है उनके लिए अपना रूम छोडना पड़ जाता है लेकिन अब आपको अपना रूम छोडना भी पड़े तो आप भी आराम से सो सकते है और जब सुबह होगी तो उसे फोल्ड कर सकते है। साथ ही लकड़ी का साइड टेबल भी बनवा सकते है उसपर फूलदान या डिजिटल फोटो फेम और स्टेचु भी रख सकते है। लिविंग रूम में सोफों के साथ चाय, कॉफी, स्नैक के लिए लकड़ी का स्टालिश टेबल या शीशें का टेबल भी रख सकते है।



विनिता झा

# बैठकी

# मोदी-अडानी और विपक्ष का सच

**समाज जागरण**

कॉलबेल की आवाज ने मेरी तंद्रा भंग की! उठकर दरवाजा खोला और हम सभी बैठक खाने में----


सरजी, संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद, प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी का मुख्य टारगेट "अडानी और मोदीजी" रहे! राहुल रट लगा रहे थे कि अडानी को 20 हजार करोड़ किसने दिया!! किसने दिया!! और विदेश में कितनी बार अडानी और मोदीजी साथ गये!!

लगता है, कांग्रेस के जिम्मे यही एक मुद्दा रह गया है!! क्या, इस मुद्दे को उछालने से, कांग्रेस का मतलब सिर्फ ये सिद्ध करना है कि मोदीजी भ्रष्ट हैं!! क्या भारत की जनता इतनी मूर्ख है जो अभी तक मोदीजी और उनके क्रिया- कलापों को नहीं समझ पायी है !! क्या बेवकुफी है!!--- उमाकाका बिलकुल सामयिक दिखे!

काकाजी, विपक्ष के पास मुद्दे का अकाल पड़ गया है! 2014 से मोदीजी के नेतृत्व में देश जिस गति से विकास के उचें सोपानों की ओर अग्रसर हो रहा है उससे देश के विपक्षी हीं नहीं अमरीका, चीन जैसे देश भी खार खाये बैठे हैं! जबकि मोदीजी के संकल्प "न खायेंगे और न खाने देंगे" ने, हमारे देश के सत्ता लोलुपों और विगत में भ्रष्टाचार से बने, धन्नासेठों की नींद हराम कर रखी है! आखिर सीबीआई, ईडी से विपक्षी घबड़ाये क्यों हैं!!!--- मास्टर साहब ने वाजिब कहा!

मास्टर साहब, साफ झलक रहलबा कि मये चोरवा-"हाय हाय, करत हवे! एक ओर केंद्रीय एजेंसी- सीबीआई आ ईडी,भ्रष्टाचारी आ चोरवन के नींद हराम कईले ह त, दुसरा ओर यूपी में योगीजी, माफियन के बांस कईले हवन! दूनों झटपटात हवन! जनता, सब लीला देखत आ बुझत ह! बाकी इ अमेरिका आ चीन काहे खार खईले ह! इ हमके ना बुझाइल!!-- मुखियाजी जोश में!

ए मुखियाजी, 100 बर्षों से,अमेरिका सुपर पावर है और इसके पीछे उसकी टेक्नोलॉजी, उद्योग और व्यवसाय है! अगर कोई दुसरे देश का उद्योगपति टक्कर देने का प्रयास करता है तो उसे येन केन प्रकारेण, नष्ट कर देता है! इसी का उदाहरण भारतीय उद्योगपति अडानी हैं !विगत 5-6







बर्षों में अडानी विश्व का दुसरा बड़ा उद्योगपति बन चूके थे! अगर अडानी को नहीं बाधा पहुंचाई गयी होती तो 2024 तक विश्व का नंबर वन बन जाते! भारत आने वाले 20 बर्षों में आत्मनिर्भर बन जाता ! भारत बहुत बड़ा बाजार है और यदि आत्मनिर्भर हो जायेगा तो अमेरिका, युरोप, चीन तथा अरब कंट्रीज को भारी घाटे का सामना करना पड़ता! भारतीय रुपया डालर के मुकाबले मजबूत हो जाता!---मैं चुप हुआ!



ठीक कह रहे हैं सरजी, भारत बहुत बड़ा बाजार है इसलिये विदेशी ताकतें बिलकुल नहीं चाहेगी कि भारत में मजबूत सरकार रहे! ये चाहेगीं कि भारत में मिली जुली सरकार रहे और भ्रष्टाचार के बल पर विदेशी ताकतों की सिद्धियाँ होती रहे! ये अपनी मर्जी के हिसाब से भारत में व्यवसाय कर सके और भारत हमेशा इन देशों का मुंहताज बना रहे!---कुंवरजी भी चिंतित लगे!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे टेबल पर रख गयी और हम सभी एक एक कप उठा लिये! पुनः चुस्कियों के साथ आगे की ओर----

कुंवरजी, आज इस भूमंडलीकरण के युग में किसी भी देश की ताकत उसके उद्योगपति हीं हैं जो अपने देश के कौशल और उत्पाद का विदेशों में मार्केटिंग करते हैं! यहाँ सरकार का कर्तव्य उद्योगपतियों के हितों की रक्षा करना होता है! इसी सिद्धांत पर मोदी सरकार चल रही है जिसके चलते आज अडानी, अंबानी, टाटा आदि संसार में भारत का दबदबा बना रहे हैं!--- मास्टर साहब ने अपनी रखी!

अब समझ में आया, अडानी के पिछे अमेरिका स्थित शार्ट सेलिंग कंपनी-हिडेनबर्ग ने अडानी कंपनियों के खिलाफ अनाप-सनाप रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसके परिणामस्वरूप अडानी कंपनियों के शेयर गीर गये और हजारों करोड़ का कंपनी को घाटा झेलना पड़ा!--सुरेन्द्र भाई सही पकड़े!

ए सरजी, इतना तो स्पष्ट है कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिए औद्योगिक विकास प्राथमिक आवश्यकता होती है!

मेरे एक मित्र झारखंड के गोड्डा जिले में अध्यापक हैं ! कह रहे थे कि गोड्डा में अडानी कंपनी का बिजली उत्पादन का थरमल प्रोजेक्ट, 650 एकड़ में है जहाँ से उत्पादित बिजली का 25 प्रतिशत झारखंड सरकार को मिलेगा और बाकि बंगलादेश को बेचा जायेगा! जानते हैं!! वहाँ किसानों और आदिवासियों की जमीन अडानी की कंपनी ने अधिगृहीत किया है लेकिन जिस जमीन की कीमत 30 हजार प्रति एकड़ है उसकी कीमत जमीन मालिक को 49 लाख प्रति एकड़ दिया गया है! अब जमीन देने वाले सभी गरीब एक झटके में अमीर बन गये हैं! इसके अलावे वहाँ के हजारों युवाओं को रोजगार मिल गया है! इतना हीं नहीं, उस जिले में अडानी वेलफेयर फाउंडेशन अस्पताल से लेकर कई सामाजिक कल्याण की मुफ्त गुणवत्तापूर्ण प्रोग्राम चला रही है! अब तो गोड्डा जिले का रंग रुप हीं बदल गया है! ---पारस नेता, बहुत देर बाद सरीक हुए!

ए नेताजी, एक बात मेरी समझ में नहीं आती कि विश्व जहाँ मानता है कि मोदीजी के नेतृत्व में,भारत की साख एक विशिष्ट पहचान बना रही है और भारत के प्रधानमंत्री विश्व के सर्वाधिक पसंदीदा नेता हैं तथापि विपक्ष,उनकी किसी उपलब्धियों को स्वीकार क्यों नहीं करता!! जबकि देश के विरुद्ध कुछ भी दिख जाय तो पहाड़ खड़ा कर देता है! सकारात्मक विपक्षी राजनीति की जगह सिर्फ और सिर्फ नाकारात्मक विपक्षी राजनीति हीं दिखती है! मुझे तो लगता है कि जबतक, हमारे देश की जनता, समझदार नहीं बनेगी, हम सुपर पावर नहीं बन सकते!---उमाकाका ने,पते की कही!

एक नंबर की बात कहे हैं, काकाजी! आज सारा देश देख रहा है कि विपक्षियों को देश और देश की जनता की चिंता तो बिलकुल नहीं रह गई है! यदि रह गई है तो बस अपने साम्राज्य की सुरक्षा की चिंता! और यही चिंता संभवतः सारे विपक्षियों को एक प्लेटफार्म पर आने को मजबूर कर रहा है! और चाणक्य ने कहा है--"जब सारे विपक्षी एक साथ हो लें तो समझो कि राजा ईमानदार है"! --- सुरेन्द्र भाई तो निचोड़ कर रख दिये!

ए भाई लोग, विपक्षियन के त धरमें ह विरोध कईल बाकि, देशहित के पहिले देखे के चाहीं ना त-- ये पब्लिक है सब जानती है! अच्छा चलल जाय! मुखिआइन खाये ला, राह निहारत होइहें!--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# प्रभुनाम : मन के कूकर की सीटी

फिजियोथैरेपी के वर्गखंड में 70 युवक-युवतियां बैठे थे। "आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन" विषय पर मेरा प्रशिक्षणवर्ग 'व्यक्तित्व विकास' के अंतर्गत शुरू होना था। और मैंने शुरू कियाः जय श्रीकृष्ण! कई छात्रों ने एक-दूसरे की तरफ देखा, हँसे, और प्रतिघोष किया : जय श्रीकृष्ण! मैंने तुरंत कहाः जय स्वामिनारायण। अब सबकी आवाज एक साथ आई : जय स्वामिनारायण।

विद्यार्थियों को थोड़ा सा अजीब लग रहा था, शायद इसलिए कि कॉलेज के लेक्चर के आरम्भ की इस प्रकार की परम्परा उन्होंने आज तक देखी या सुनी नहीं थी...परन्तु प्रभुनाम को आत्मसात करने का उनका उत्साह प्रतिक्रिया के रूप में तुरंत दिखाई दे रहा था। मन वास्तव में प्रसन्न हुआ ।

जब भी हमारा मन उदास होता है, कर्जदारों के फोन की घंटियां लगातार दनदनाती रहती हैं, घर में माता-पिता या सास-ससुर की गंभीर या पुरानी बीमारियों ने न केवल घर को, बल्कि मन और धन को भी घेर लिया होता है, बेटा या बेटी ने यदि अनुचित रास्ते पर चलकर सारे समाज में परिवार की छवि को धूमिल किया है, ब्याज की चपेट में बैंक बैलेंस ढह रहा है, कोर्ट केस की तारीख पे तारीख दिमाग और दिल को कुचल रही है, आधी रात में नींद उचट रही है, ऐसी हर स्थिति में, कहा जाता है कि "हरिनाम" से बड़ी सांत्वना कोई नहीं है।

लेकिन क्या आपने वाकई श्रद्धा और विश्वास के साथ किए गए ऐसे नामजप का कोई स्वानुभव किया है?

मुझे इसी सन्दर्भ में हमारे एक बुजुर्ग की विशेष आदत याद आ रही है। वे जब भी हाथ में अखबार लेते हैं और जब आत्महत्या, दुर्घटना, युद्ध, हत्या या दंगे से हुई मौतों के समाचार पढ़ते हैं, तो वे उच्च स्वर से बोल उठते हैंः हे राम, हे हरि, हे नारायण! इन सभी आत्माओं को सद्गति दें...

जब कोई पूछता है चाचा, क्या आपकी यह प्रार्थना फलीभूत हो रही होगी?

और वे सहज भोलेपन से मुस्कराते हुए कहते हैं, ह्यभाई, प्रार्थना सुनना-न सुनना भगवान का काम है। लेकिन ऐसी अपमृत्यु की खबरें सुनकर इतनी पीड़ा होती है, कि मैं तो इस प्रार्थना से अपने भीतर की उस पीड़ा को कम करने का काम कर रहा हूं। चाहे सब को लगे कि मैं कोई परमार्थ कर रहा हूँ, तो ठीक है, पर वास्तव में मैं यह अपने स्वार्थ के लिए ही कर रहा हूँ...!

अगर तुलसीदासजी कहते हैंः "राम नाम एक अंक है, सब साधन है सब शून्य !"

या कबीरजी कहते हैंः "जा मुख राम ना निकसे, वो मुख है किस काम?"

या फिर गुरु नानक लिखते हैं कि "तू नाम जपन क्यों छोड़ दिया?"

या ब्रह्मानंद स्वामी लिखते हैं, "प्रभु एक नाम तेरा सखकारी!" तो हमें लगता है कि इन सारे संतों का तो जीवन-उद्देश्य ही यही था, इसलिए वे तो यह सब लिखेंगे ही !

लेकिन अब जो बातें आपके समक्ष रख रहा हूँ, उसे ध्यान से पढ़ें... हमारे तार्किक दिमाग को प्रभावित करने के लिए यह जानकारी बिलकुल सटीक बैठती है....।

1970 के दशक में, जब हावर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक हर्बर्ट बेन्सन ने ध्यान, जप और मन के बीच के संबंध के बारे में एक के बाद एक अनेक रहस्य को उजागर करना शुरू किया, तो विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वैज्ञानिक भी शरीर की बीमारियों के इलाज में आध्यात्मिकता की भूमिका को महत्त्व देने लगे। मेडिकल का पाठ्यक्रम चलाने वाले तीन अमरिकी मेडिकल कॉलेजों में 1995 से "चिकित्सा में आध्यात्मिकता" को एक महत्त्वपूर्ण विषय के रूप में पेश किया गया है। वर्ष 2000 में विश्वप्रसिद्ध ऑक्सफर्ड विश्वविद्यालय द्वारा "हैंडबुक ऑफ रिलिजन एंड हेल्थ" प्रकाशित की गई थी। जिसमें 40 साल के शोध को स्पष्ट किया गया और हर्बर्ट बेन्सन को "बोस्टन ग्लोब" में लिखते हुए उद्धृत किया गया कि क्ऱ्ल्ल्ल्ॅ श्ील्लॠ''८ २३ु'ी ुल्लीम्र३२. अर्थात आप ध्यान या जप से होनेवाले प्रत्येक लाभ को वैज्ञानिक रूप से सिद्ध कर सकते हैं !

मूलतः यह विवरण है, ईश्वर की शक्ति के बारे में। जब हम त्सुनामी, भूकंप, मूसलाधार बारिश से हुए तबाही का मंजर, प्रलयकारी बाढ़, , या बड़े बड़े पहाड़ों को दो भागों में फाड़कर रख देनःवाले भयानक ज्वालामुखी के विस्फोटों को देखते हैं, तो तुरंत एहसास हो जाता है, कि मानव बुद्धि, मानव अनुसंधान, मानवनिर्मित तकनीक या उसकी कोई भी क्षमता प्रकृति के सामने कितनी बौनी हैं!

नामस्मरण और नामजप के प्रभावों के बारे में भारत में कोई गहन वैज्ञानिक शोध क्यों नहीं हुआ, यह एक ऐसा प्रश्न है, जो उस क्षेत्र के डॉक्टरों, मनोचिकित्सकों या शोधकताओं को पूछा जाना चाहिए ।

2008 में "पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय"के न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. एंड्रयू न्यूबर्ग कई प्रयोग कर चुके थे कि हरिनाम के जप से मनुष्य का मन कितना शांत होता है, और उसकी याददाश्त कितनी बढ़ती है...

उन्होंने मंत्र और ध्यान पर 12 मिनट का प्रयोग उन लोगों पर किया, जिन्होंने कभी मंत्र या ध्यान का अभ्यास नहीं किया था। इस वैज्ञानिक ने 8 सप्ताह तक सैकड़ों लोगों पर प्रयोग करके उन्हें ह्यनामजपह्ण पर केन्द्रित किया। अंत में सभी की याददाश्त नापी गई। जो 12 फीसदी से बढ़कर 20 फीसदी हो गई थी।

उन्होंने अपने इन अनुभवों को "हाउ गॉड चेंजेस योर ब्रेन!" पुस्तक में विस्तार से लिखा है।

आपको स्वयं यह अनुभव हुआ होगा कि जब मन पर पीड़ा, कष्ट या यातना का जबरदस्त दबाव होता है, तो मुंह से स्वतः उद्गार निकल आता है कि हे ईश्वर! हे भगवान! अब तो तू ही एक सहारा है... बस, एक तू ही तारणहार है..! शायद यही उद्गार मन के भीतर उमड़ रहे शोक-दुःख या उत्ताप के धुंएं को उड़ाने के लिए कूकर की सीटी की तरह काम करता है।

अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. एच.जी. कोएनिंग ने दो तरह के लोगों पर विशेष प्रयोग किए, जिनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक थी। उन्होंने 4,000 लोगों का अध्ययन किया, और निष्कर्ष यह निकला कि जो बुजुर्ग नियमितरूप से जप, ध्यान या प्रभु के दिव्य चरित्रों को सुनना आदि आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते थे, उन लोगों की तुलना में, जो ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं होते थे, ऐसे लोगों में 60 से 75 प्रतिशत लोग मजबूत रोगप्रतिकारक क्षमता रखने वाले थे, साथ ही वे ज्यादा खुश और तेजतर्रार भी नजर आए!

बैंगलोर, भारत में स्थित संस्थान "इंडियन जर्नल ऑफ फिलॉसफी एंड फामाकोलॉजी" में ह्यविवेकानंद केंद्र योग-रिसर्च फाउंडेशनह्ण 1995 से कार्यान्वित है। यहां सेंकडों लोगों के मन- शरीर पर ओम् कार ध्वनि का क्या प्रभाव होता है, इस विषय पर भारत और दुनिया के अनेक वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है । उनका निष्कर्ष यही है कि ओम् कार के जप से हृदय की धडकनों की गति नियंत्रित होती है। भीतर ही रिलेक्सेशन, तथा अवेयरनेस - शांति और जागरूकता की अनुभूति होती है। ऑक्सीजन की मात्रा पूरे शरीर में ठीक से वितरित होती है, शरीर की हर कोशिका जीवित हो जाती है। आंतरिक रोग प्रतिकारक क्षमताएं बढ़ती हैं। और यह मधुमेह जैसी बीमारी को भी काबू में रखने में भी बहुत उपयोगी है...

अब निम्नकथन को पढ़िएः "क्या आप तनावपूर्ण जीवन जी रहे हैं? तो जाइए, एकांत में बैठ जाइए। आस्था और श्रद्धा उत्पन्न करने वाला कोई शब्द (मन्त्र) सोचिए। उस शब्द का 10 से 20 मिनट तक हर सांस के साथ जाप कीजिए। आपका दायां और बायां दिमाग अवश्य आराम महसूस करने लगेगा।"

आपको लगता होगा कि यह आदेश किसी साधु महात्मा की पुस्तक से लिया गया है ! लेकिन आश्चर्य है कि यह कथन डॉ.हर्बर्ट बेन्सन का है!

और हाँ, अब उन वैज्ञानिकों से हटकर महर्षि वेदव्यासजी की ओर लौटते हैं। जिन्होंने श्रीमद्भागवत में कहा हैः जिनकी जीभ पर दो अक्षर "हरि" रहते हैं, वे सभी तीर्थों का पुण्य, सभी वेदों का अध्ययन और सभी यज्ञों की दक्षिणा का पुण्य प्राप्त करता है! (6-2-578)

यह हो सकता है कि ऐसी भाषा हमें धार्मिक लगती हो, परन्तु ऐसी आदतों के सारे परिणाम वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुके हैं, उसे बताने के लिए ही यहाँ अनेक विदेशी विचारकों को याद करना पड़ा है।

मित्रों, हम ह्यउसकोह्ण याद करते रहें, जिसे याद किया जाना अनिवार्य हो, तो शायद परिणाम देनेवाले भगवान भी हमारा नाम अपनी सूची में सबसे ऊंचे क्रम में रख देंगे...

आइए, हम संतों को ऐसा कुछ कहकर हमें फटकारने का मौका न दें:

"तू नाम जपन क्यों छोड़ दिया, लोभ न छोड़ा, क्रोध न छोड़ा,
सत्यवचन क्यों छोड़ दिया!!"

यदि हमें मन की शांति के लिए इतना सटीक, परिणामलक्षी और प्रभावी उपाय मुफ्त में मिल रहा है, तो उसे न अपनाकर मानसिक रोगों के डॉक्टरों के पास जाने का मतलब यही होगा, कि हम अब भी भारतीय मंत्रविज्ञान के रहस्यों को समझने के लिए थोड़े से भी गंभीर नहीं हैं...



**लेखक : हरिकृष्ण शास्त्री सुरत गुजरात**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइटः www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# शताब्दी वर्ष में भारत की आंतरिक एवं वैश्विक स्थित विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन

पटना।
आने वाले 25 वर्षों में शासक का जो काम होगा, उसी से शताब्दी वर्ष में भारत की आंतरिक एवं वैश्विक स्थित तय होगीः आर के सिन्हा
कार्यक्रम की अध्यक्षता बी. एन. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के पूर्व कुलपति प्रो. अमरनाथ सिन्हा ने की
जे. डी. वीमेंस कॉलेज, पटना में रविवार को भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध दार्शनिक प्रो. (डॉ.) रमेशचन्द्र सिन्हा की धर्मपत्नी डॉ. विजयश्री की स्मृति में शताब्दी वर्ष में भारत की आंतरिक एवं वैश्विक स्थित विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता बी. एन. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के पूर्व कुलपति प्रो. अमरनाथ सिन्हा ने की। संचालन प्रोफेसर डॉ. वीणा अमृत एवं प्रोफेसर डॉ. वीणा नंदनी मेहता ने किया। इसमें बीएनएमयू के उप कुलसचिव डॉ. सुधांशु शेखर एवं शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान ने भी भाग लिया।
इस अवसर पर मुख्य वक्ता समाजसेवी-साहित्यकार एवं पूर्व सांसद (राज्यसभा) रवीन्द्र किशोर सिन्हा ने कहा कि देश का विकास



शासक के चाल, चरित्र एवं चेहरा पर निर्भर करता है। अभी देश की आजादी के 75 वर्ष हो गए हैं। आने वाले 25 वर्षों में शासक का जो काम होगा, उसी से शताब्दी वर्ष में भारत की आंतरिक एवं वैश्विक स्थित तय होगी।
इस अवसर पर विषय प्रवेश पद्मश्री बिमल जैन, आईसीपीआर के पूर्व सदस्य सचिव प्रो. (डॉ.) गोदावरीश मिश्र, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. एस. पी. शाही, रामकृष्ण आश्रम, मुजफ्फरपुर के सचिव भावात्मानंद जी महाराज, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. के. सी. सिन्हा, दर्शन परिषद्, बिहार के अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह, उपाध्यक्ष प्रो. शैलेश कुमार सिंह, महासचिव डॉ. श्यामल किशोर, संयुक्त सचिव प्रो. किस्मत कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. सुधांशु शेखर, विवेक माथुर, भगवान गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम की मजबूती में उत्कृष्ट योगदान के लिये जिले के चार चिकित्सक सम्मानित

अररिया, 26 मार्च ।
महिला बंध्याकरण व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों को बढ़ावा देने के लिये डॉ रेशमा रेजा हुई सम्मानित
सदर अस्पताल के डॉ जीतेंद्र, डॉ संजय कुमार व डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार को भी मिला सम्मान
परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिये संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिये जिले के चार चिकित्सकों को पूर्णिया में आयोजित प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में सम्मानित किया गया है. सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ जीतेंद्र प्रसाद व डॉ संजय कुमार, फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत डॉ रेशमा रेजा व जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह का नाम सम्मानित होने वाले चिकित्सा अधिकारियों की सूची में शामिल है. जिन्हें विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान के लिये क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ विजय कुमार के हाथों प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया है. चिकित्सा अधिकारियों को ये सम्मान महिला बंध्याकरण, पुरूष बंध्याकरण, अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों को बढ़ावा देने व प्रसवोत्तर नसबंदी के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिये दिया गया है।
विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान के लिये मिला सम्मान
प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक को महिला बंध्याकरण मामले द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. जनवरी से दिसंबर 2022 के बीच की अवधि में उनके द्वारा कुल 1724 सफल महिला बंध्याकरण का ऑपरेशन किया गया. जानकारी देते हुए डीसीएम सौरव कुमार ने बताया कि फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत डॉ रेशमा रेजा इस अवधि के दौरान 1655 सफल महिला बंध्याकरण ऑपरेशन करते हुए उक्त श्रेणी में तीसरे स्थन पर रही हैं. जनवरी से दिसंबर 2022 की अवधि में 10 पुरुष बंध्याकरण के लिये इस श्रेणी



में डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. वहीं प्रसव के सात दिन बाद प्रसवोत्तर नसबंदी मामले में सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ जीतेंद्र प्रसाद को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. निर्धारित अवधि के दौरान उनके द्वारा 578 प्रसवोत्तर नसंबदी संपन्न कराया गया है. गर्भनिरोध के अस्थायी साधन आईयूसीडी व पीपीआईयूसीडी नों को बढ़ावा देने के मामले में फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेशमा रेजा को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।
नियोजन उपायों के प्रति जन-जागरूकता जरूरी
जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण संबंधी उपायों को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा मिशन परिवार विकास अभियान संचालित किया जा रहा है. कुल प्रजनन दर, प्रति महिला बच्चों की कुल संख्या में कमी, आधुनिक गर्भनिरोधों के उपयोग को बढ़ाने, गर्भनिरोधक साधनों की सामुदायिक स्तर पर पहुंच सुनिश्चित कराने व परिवार नियोजन के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ाने देना इसका उद्देश्य है. जिले मे परिवार नियोजन संबंधित उपायों को बढ़ावा देने के लिये जिला स्वास्थ्य विभाग सतत प्रयासरत है.
अररिया उच्च प्रजनन दर वाले जिलों में शामिल
सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि पूर्णिया में परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित चिकित्सकों व स्वास्थ्य अधिकारियों को बधाई दी है. उन्होने कहा अररिया राज्य के उच्च प्रजनन दर वाले जिलों की सूची में शामिल है. लिहाजा जनसंख्या नियंत्रण संबंधी उपायों को बढ़ावा देना जरूरी है. ताकि बढ़ती जनसंख्या के कारण सीमित संसाधन पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके. साथ ही परिवार व समाज की खुशहाली के आधार को मजबूती प्रदान किया जा सके।

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम् शांति केंद्र शाखा फारबिसगंज का हुआ विधिवत उद्घाटन

फारबिसगंज।
पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की दर्जनों शाखाओं के प्रतिनिधि उद्घाटन सामारोह में हुए शामिल
प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम् शांति केंद्र शाखा फारबिसगंज में एक ओर जहाँ भवन उद्घाटन ब्रह्मकुमारिज राजयोग सेवा केंद्र नेपाल की निदेशिका बीके आदरणीय राजयोगिनी दादी जी के कर कमलों द्वारा हुआ वही दूसरी ओर उनके आगमन पर ओम् शांति केंद्र में भव्य अभिनंदन व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ राजदादी जी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक विद्यासागर केशरी, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज सुरेंद्र कुमार अलबेला, केंद्र की संचलिका बीके रुकमा दीदी, मुख्य पार्षद वीणा देवी व अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।
कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चियों द्वारा राज दादीजी के आगमन पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते हुए उनका अभिवादन व अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत समाज के अलग अलग सगठनों के द्वारा राज दादीजी के स्वागत में अभिनंदन पत्र, गुलदस्ता व सोल ओढ़कर दादी माँ का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष निशान्त गोयल के नेतृत्व में सकल मारवाड़ी समाज, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष जयकुमार अग्रवाल व सचिव पवन अग्रवाल के नेतृत्व में सकल अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज से पूनम पांडिया एवं दिलीप गौतम के नेतृत्व में सकल ब्राह्मण समाज, महेश्वरी सभा के अध्यक्ष अशोक खेमानी के नेतृत्व में सकल महेश्वरी समाज, जैन समाज से निर्मल सेठिया के नेतृत्व में सकल जैन समाज, कलवार जागृति मंच के अध्यक्ष सीताराम भगत के नेतृत्व में सकल कलवार समाज, योग परिवार से राजू जी के नेतृत्व में योग परिवार, एक पहल के संस्थापक ई.आयुष अग्रवाल, पाठशाला स्कूल के निदेशक पिंटू गोयल व संगीता



गोयल, दादी मंडली व अन्य संगठनों द्वारा दादी जी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री केशरी ने कहा कि समाज में शांति स्थापित करने का जो कार्य ओम् शांति केंद्र के द्वारा की जा रही है वह अतुलनीय है और इनके कार्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम
है वहीं विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी श्री अलबेला ने देश के संस्कृति और सभ्यता पर ज्यादा जोड़ देते हुए ओम् शांति के स्थापना के उद्देश्य पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंद्रियों को कैसे सभी स्थिति में सामान्य रखा जा सके उसपर कार्यशाला का आयोजन जरूर होना चाहिए।
इस मौके पर राज दादीजी ने लोगों से शांति के लिए कार्य करने का आह्वान किया एवं कैसे ज़िंदगी को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है इसपर विशेष ध्यान देते हुए लोगों के साथ सम्पर्क स्थापित किया। उन्होंने कहा कि शांति पहले अपने अंदर लाने की आवश्यकता है और उसके पर धीरे धीरे समा बँधते चला जाएगा। इस अवसर पर पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की दर्जनों शाखाओं के, बीरपुर, हरिपुर, जोगबनी सहित आधा दर्जन स्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित होकर इस पर के साक्षी बने। इस मौके पर डाक्टर अजय सिंह, डाक्टर यू सी मंडल, अजातशत्रु अग्रवाल, दिनेश भगत, नंदगोपाल जयसवाल, पप्पू लडढा, पवन सोमानी, ई आयुष अग्रवाल, रमेश बियानी, बीके कविता दीदी, शक्ति दीदी, चाँद दीदी, सीता दीदी, संतोषी दीदी, रंजू डालमिया, रेखा धनावत, सरोज अग्रवाल, सुलोचना धनावत, सुनिता राजगड़िया, संगीता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, कामिनी गोयल, मीना भूपाल, पूनम पांडिया, नितेश अग्रवाल, आदर्श गोयल, शांति मैडम, रामप्रकाश भाई, संजय बोथरा, आदित्य, प्रेम, अशोक, शिवशंकर कुमार, अनिल भाईजी व अन्य सैकड़ों की संख्या में बीके भाई बहन उपस्थित थे।

# "हमरे डाला पंबतिया से देवता पितर पुजाय छैय, त्यों कहूं नै बाबू भैया हमर देह कियै छुआए छै" के गायक रामा मंडल उज्वल नक्षत्र सम्मान से सम्मानित

विराटनगर।
मैथली संचार कर्मी संघ के द्वारा शनिवार को विराटनगर में एक कार्यक्रम आयोजित कर पांच कला प्रेमी को सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मैथली संचार कर्मी संघ के अध्यक्ष नवीन कर्ण ने किया तो प्रमुख अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय समाचार समिति के बोर्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र झा थे । विशिष्ट अतिथि के रूप मे मोरंग क्षेत्र संख्या 5 के केन्द्रीय सांसद जोगी मण्डल, मोरंग जिला अधिकारी तीर्थ राज भट्टराई, मोरंग एसपी दीपक पोखरेल,नेपाल सोनार समाज के अध्यक्ष महेश साह स्वर्णकार, संविधान सभा सदस्य आशा सरदार,नेपाल भारत सामाजिक सांस्कृतिक मंच के नेपाल प्रभाग की अध्यक्ष निर्मला देव, उपाध्यक्ष सुस्मिता ठाकुर, हलवाई समाज मोरंग के अध्यक्ष अमृत साह,देव किशन मुंद्रा प्रविन नारायण चौधरी, उषा झा, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जयराम यादव उपस्थित थे।
उज्जवल नक्षत्र सम्मान रामा मंडल को
भारत नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच के द्वारा स्थापित "उज्वल नक्षत्र पुरस्कार" मैथली के चर्चित गीत हमरे डाला पंबतिया से देवता पितृ पुजाय छय त्यों कहु न बाबू भैया हमर देह किया छुआय छे के गायक रामा मंडल को 11,111 रुपए के नगद राशि के साथ उज्वल नक्षत्र सम्मान से भारत नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, संस्था की केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर सुष्मिता ठाकुर, नेपाल भारत सामाजिक सांस्कृतिक मंच के नेपाल प्रभाग की अध्यक्ष निर्मला देव के द्वारा कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि धर्मेंद्र झा, आयोजक संस्था के अध्यक्ष नवीन कर्ण, केंद्रीय सांसद जोगी मंडल, पूर्व मंत्री जयराम यादव के उपस्थिति मे प्रदान किया गया तो समाज सेवी पंकज वर्मा के



द्वारा अपने पिता स्वर्गीय इंद्र नारायण लाल दास के स्मृति मे इंद्र मिथिला गौरव सम्मान से धीरेन्द्र प्रेमऋषि को दीया गया तो समाज सेवी राजेश गुप्ता के द्वारा अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रघुनाथ गुप्ता के स्मृति मे शहीद दीनदयाल मंडल के धर्मपत्नी को 7151रुपए के नगद राशि के साथ सम्मान किया वही कुमारी श्रेया को 5151रूपए का सम्मान इंद्र नारायण दास के द्वारा अपने माता पिता के नाम पर स्थापित कौशल्या - मुसहरू स्मृति सम्मान दीया गया तो रामपारी देवी पत्रकारिता पुरुस्कार से पत्रकार ब्रह्मदेव यादव को 5151रुपए नगद राशि के साथ आयोजक संस्था के महसचिव बीरेंद्र साह के द्वारा अपने दादी के स्मृति मे दिया गया।
संचार माध्यम प्रशासन की तीसरी आँखः जिलाधिकारी
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मोरंग जिला अधिकारी तीर्थ राज भट्टराई ने कहा की मैथली जुबान सबसे मीठी है लेकिन स्थान के हिसाब से भाषा शैली मे भिन्नता आती है वही आयोजक संस्था के अध्यक्ष को साधुवाद देते हुए कहा की जिस तरह सभी वर्ग को समेटा गया है वह काफी साहस का कार्य है उन्होंनो नागरिकता विहीन, नागरिकता से वंचित लोगो के बिषय को खबरों के माध्यम से आगे लाने का आग्रह किया ताकि उनका समस्या का समाधान निकाला जा सके वही इस कार्यक्रम को कार्यक्रम मे उपस्थित बिभिन्न वक्ता ने सम्बोधित किया तो कार्यक्रम का संचालन सोनू दास ने किया तो कार्यक्रम को सफल बनाने मे व अतिथि सत्कार मे उपाध्यक्ष उषा सरदार, सचिव पवन साह, शिवम मिश्रा, सदस्य दिपेन्द्र यादव मैथिल,हुसैन शेख,संतोष मेहता,सरिता कर्मकार सहित अन्य सदस्य सक्रिय थे तो स्वागत मंतव्य प्रकाश नारायण झा ने दिया।

# नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा,विधानसभा चुनाव में भाजपा बिहार के सभी सीटों पर परचम लहराएगाः अजीत झा

कुसाकांटा।
भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा पूर्व मंत्री व बिहार विधान परिषद के नेता श्री सम्राट चौधरी को बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नेता सहित कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है।
जिला मुख्यालय सहित सभी मण्डलों में भाजपा के कार्यकताओं ने आपस में मिठाई बांटकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी जाहिर करते हुए नए प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दिया। इस मौके पर भाजपा नेता सह अररिया सांसद व भाजपा विधायक पूर्व राज्य मंत्री विजय कुमार मंडल के करीबी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि युवराज अजीत कुमार झा ने बधाई देते हुए कहा कि सम्राट चौधरी काफी अनुभवी नेता हैं, इनके नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा संगठन की कार्य काफी तेजी से बढेगा,साथ हीं इनके नेतृत्व में आगामी लोकसभा,विधानसभा चुनाव में बिहार के सभी सीटों पर भाजपा अपने दम पर जीत की परचम लहराएगा। वहीं जिला भाजपा के निवर्तमान प्रवक्ता राजन तिवारी ने कहा कि माननीय सम्राट चौधरी बड़े हीं अनुभवी,योग्य एवं कुशल छवि के नेता हैं। इनके नेतृत्व में प्रदेश सहित सभी जिलों में भाजपा संगठन के कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा के साथ कार्य करने की शक्ति मिलेगी।



वहीं अररिया भाजपा के जिला संयोजक सह कोषाध्यक्ष समरनाथ सिंह ने कहा कि सम्राट चौधरी कुशल छवि के नेता हैं, इनके नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा कार्यकर्त्ता काफी मजबूती के साथ संगठनात्मक कार्य को हरेक शक्ति-केंद्र के बूथों तक तेजी से बढ़ाएगा। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत ने कहा की सम्राट चौधरी बड़े हीं परिपक्व नेता हैं, इनके नेतृत्व में प्रदेश सहित सभी जिलों में भाजपा संगठन काफी मजबूती से उभरेगा। जिले के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता पप्पू झा ने कहा श्री सम्राट चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती के साथ साथ संगठन की ताकत को नया पहचान मिलेगा। श्री चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रदीप कुमार राय,प्रेम मिश्रा,सुरेंद्र झा,संजय मिश्रा, पूर्व नगर पार्षद पार्षद शीतल मंडल, महिला नेत्री सुष्मिता ठाकुर,नवीन यादव,नीरज झा,अशोक चौधरी, रानीगंज प्रखंड से वर्तमान वार्ड पार्षद सह भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सेनानी, पूर्व उपप्रमुख उमेश मिश्रा, वार्ड पार्षद सुमन झा,कन्हैया जी, भरगामा प्रखंड से मुखिया संघ के अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत दास, चंद्रानंद चाणक्य, अशोक सिंह,पिंटू यादव,मुन्ना यादव, राजेश चंद्र झा, कुंदन चौधरी,नित्यानंद मेहता, कौशल सिंह भदौरिया, शशिकांत राय, संजय मिश्र, परमानन्द साह, बालो झा, मनोज कुमार दिवाकर,अभिजीत कुमार कुंदन, मनोज कुमार झा उर्फ दुलार झा, बिट्टू झा आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# नमन का रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ में चयन इलाके के लिए गौरव

बिहारीगंज।
बिहारीगंज थाना क्षेत्र के गमैल पंचायत निवासी विजेंद्र कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू के पौत्र नमन ने प्रतिष्ठित रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ देवघर की परीक्षा उत्तीर्ण की एवं देवघर में नामांकन करवाया जो इस इलाके के लिए गौरव की बात है नमन के पिता संजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू पटना में हाईकोर्ट के अधिवक्ता है एवं माता प्रीति सिंह गृहणी है । नमन के पिता ने बताया कि लॉकडाउन में गांव गमैल में रहने के कारण पढ़ाई छूट गई थी स्कूल में नमन पढ़ते थे उसके बाद इन्होंने एक प्राइवेट कोचिंग में रामकृष्ण मिशन की तैयारी शुरू की एवं उसमें उत्तीर्ण हुए। इस कोसी कमिश्नरी के लिए गौरव की बात है उनका परीक्षा में




उत्तीर्ण होकर चयन होना। नमन के उत्तीर्ण होने पर बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री सह आलम नगर विधायक नरेंद्र नारायण यादव, विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉक्टर रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ,कटिहार मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर पूजा भारती, डॉ मिथिलेश कुमार, प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ ए के मिश्रा, डॉ डीके सिन्हा, डॉ मनोज कुमार, डॉ इंदु भूषण कुमार डॉ संतोष कुमार संत, डॉ संतोष कुमार यादव, डॉ संदीप कुमार सोनू, ठाकुर माधव सिंह तोमर,देबेश सिंह शमिल हैं।

# रहमतों बरकतों और नेकियों का महीना है माहे रमजानः जनाब फिरोज आलम नदवी

शंकरपुर। रहमतों बरकतों का यह मुकद्दश महीना अल्लाह की तरफ से रहमत, प्रेम और माफी भरा महीना है। यही वह महीना है जिसमें अल्लाह के आखरी नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर अल्लाह की आखिरी पवित्रा किताब कुरआन नाजिल हुई। इस महीने में मुसलमान अल्लाह को खुश करने के लिए रोजा रखते हैं। एरोजार को अरबी में रसीम" कहा जाता है और रसीम" का शाब्दिक अर्थ है कना" शरीयता की परिभाषा में सुबह सादिक से लेकर सूर्यास्त तक अल्लाह की खुशी हासिल करने की नियत से किसी भी प्रकार के खान-पान तथा काम- वासनाओं से रुके रहने का नाम रोजार है। रोजा का उद्देश्य इंसान को बुराई से बचना और भूख और प्यास का एहसास दिलाने के साथ साथ सामाजिक सौहार्द, सहिष्णुता एवं हमदर्दी को उत्पन्न करना है। रोजा इस्लाम का तीसरा मूलभूत स्तंभ और इबादत के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। रोजा रखना हर समझ-बूझ रखने वाला, वयस्क मुसलमान मर्द और औरत का फर्ज है, इस माह के दौरान तमाम अकीदतमंदों को रोजा रखने के अलावा इबादत करने का अल्लाह बेहतर बदला देता है, रोजा रखने बाद रात इसकी नमाज हो जाने के पश्चात 20 रक अत अधिक नमाजे भी पढ़ते हैं, इस अतिरिक्त नमाज को तरावीह की नमाज कहते हैं। इस नमाज में अल्लाह की आखिरी किताब पवित्र कुरआन को पूर्ण रूप से आराम आराम से पढ़ा और सुना जाता है। उक्त बातें फैसल एजूकेशनल सोसायटी के चेयरमैन जनाब फिरोज आलम नदवी ने कही। उन्होंने कहा पैगम्बर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया रमजान का पहला आसरा रहमत वाला आसरा है जबकि दूसरा आसरा मगफीरत और माफी वाला असरा है और तीसरा असरा जहन्नम (नरक) से छुटकारा पाने वाला आसरा ही है। पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जिसने अल्लाह पर भरोसा रखते हुए उसकी खुशी हासिल करने के इरादे से माहे रमजान का रोजा रखा उसके पिछले सभी गुनाह माफ हो जाते हैं। यह महीना एक-दूसरेके साथ हमदर्दी और दुखियों के दुःख दर्द में साथ देने वाला विशेष महीना है , जिसने किसी रोजेदार को इफ्तार कराया, अल्लाह उसका बेहतर बदला देता है. उन्होंने कहा माहे रमजान के दौरान किए गए एक नेकी का बदला अल्लाह तबारक व ताना सत्तर गुना सवाब देता है, माह ए रमजान रहमतों बरकतों वाला महीना है इस महीने के दरमियान अल्लाह तबारक व ता आला अपने बंदों के लिए जन्नत का दरवाजा खोल देता है और रोजेदारों के किए गए गुनाहों को माफ कर देता है।

# संजय मिश्रा ने जनजाति आयोग के सदस्य स्वीटी हेमब्रम से मुलाकात कर आदिवासी समुदाय के उत्थान का उठाया मुद्दा

अररिया।
बिहार विकास के लिए आदिवासी समुदाय के उत्थान को बताया अहम
बिहार राज जनजाति आयोग के सदस्य स्वीटी सीमा हेमब्रम ने रविवार को जिले के दौरे पर रही। इस दौरान अतिथि गृह अररिया में जिले के जाने-माने



व्यवसाई व वरीय समाजसेवी संजय कुमार मिश्रा ने जनजाति आयोग के सदस्य स्वीटी सीमा हेमब्रम से औपचारिक मुलाकात किया। वही बुके देकर आयोग के सदस्य स्वीटी सीमा हेंब्रम का सम्मान किया। मौके पर राजद के जिलाध्यक्ष सह फारबिसगंज प्रखंड प्रमुख सुरेश पासवान भी मौजूद थे। मौके पर राज्य जनजाति सदस्य आयोग के साथ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र शाह गोंड, परिषद के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मरांडी, परिषद सदस्य गजेंद्र सोरेन, सचिव ननकू सोरेन, आदि मौजूद थे। बिहार राज्य जनजाति आयोग के सदस्य स्वीटी सीमा हेंब्रम जिले के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत आदिवासी बाहुल क्षेत्र के सिसवा कव्वाली, भगवानपुर संथाल टोला, संथाली टोला मधवापुर, रघुनाथपुर आदि जगहों पर जाकर आदिवासी समुदाय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई और बिहार सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं तथा विशेष रूप से आदिवासियों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे योजना व आदिवासियों के समाज के विभिन्न समस्याओं से अवगत हुई। वहीं समाजसेवी संजय मिश्रा ने जनजाति आयोग के सदस्य स्वीटी सीमा है भ्रम से बातचीत कर आदिवासी समाज के उत्थान वह सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में आदिवासी समाज को प्राथमिकता के तौर पर लाभ देने की मांग उठाए तथा कहा कि आदिवासी समाज के लोग काफी मेहनती और ईमानदार होते हैं। ऐसे में समाज विकास के मुख्यधारा से जोड़ना तथा आदिवासी समाज के बच्चों को विशेष सुविधा तथा बेहतर शिक्षा व्यवस्था देने की मांग उठाई ।

# विराटनगर के शहीद मैदान में विराट गोल्ड कप जारी, भारत के केरला और भूटान की टीम भी प्रतियोगिता में शामिल

माला मिश्रा बिराटनगर नेपाल ।
विराटनगर में जारी सातवें संस्करण का विराट गोल्ड कप प्रतियोगिता शनिवार को भूटान बनाम एपीएफ नेपाल के बीच खेला गया । विराटनगर के शहीद



मैदान में खेले गए तीसरा क्वाटर फाइनल मैच में भूटान का डुक लयूल फुटबाल क्लब को एपीएफ नेपाल ने 2 - 1 से हराकर एपीएफ अंतिम चार में स्थान सुरक्षित कर लिया ।
पहिला हाफ बराबरी पर रहने के बाद नेपाल आर्म्स फोर्स एपीएफ आक्रामक रूप से खेलना शुरू किया था । बता दे कि भूटान के टीम को भी इस दौरान गोल का कई अवसर मिले लेकिन सफलता नही मिली । इस फुटबाल टूनामेंट में भारत केरला का लुका सकर क्लब सहित भूटान का डूक लयूल क्लब और नेपाल का एपीएफ , त्रिभुवन आर्मी , नेपाल प्रहरी ,संकटा , जावलाखेल और विराटनगर सिटी क्लब खेल रही है । बताते चले कि 1961 में तत्कालीन राजा महेंद्र के नाम से महेन्द गोल्ड कप स्थापित किया गया था जो बाद में नेपाल में प्रजातंत्र बहाली 2012 बाद उसका नाम बदलकर विराट गोल्ड कप किया गया । कोरोना काल को छोड़ यह प्रतियोगिता निरंतर जारी है । प्रतियोगिता देखने बिराटनगर सहित जोगबनी व आसपास के खेल प्रेमी पहुच रात्रि कालीन मैच का आनंद उठा रहे है । मैच में सुरक्षा का पूरा व्यवस्था रहता है ।

# सिकटी के भिड़भिड़ी मे ज्ञानोदय कोचिंग सेन्टर का हुआ शुभारंभ

सिकटी ।
इस कोचिंग सेन्टर मे दिव्यांग और असहाय बच्चों को दी जाएगी निःशुल्क शिक्षा
सिकटी प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत भिड़भिड़ी पंचायत के भिड़भिड़ी गाव के आनंद




चौक समीप ज्ञानोदय कोचिंग सेन्टर का उद्घाटन सिकटी के पूर्व प्रमुख चंदन करदार, पूर्व सरपंच स्थिर लाल मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया , कोंचिग सेन्टर के डायरेक्ट अजय कृष्ण दास ने जानकारी देते हुए बताया की हमारे कोचिंग सेन्टर मे वर्ग एक से लेकर दस तक एन सी ई आर टी पर आधारित कक्षाएं चलेगी , जिसमें सप्ताहिक और मासिक रूप से परीक्षा भी ली जायेगी। मेमोरी ट्रेनिंग और डी० एम० आई० टी० टेस्ट भी क्लास संचालित की जायेगी, इस कोचिंग सेन्टर मे दिव्यांग और असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जायेगी , मौके पे इस उद्घाटन समारोह मे वर्तमान वार्ड सदस्य वार्ड नंबर - 9 रूपेश मंडल,दीपक आनंद, प्रभाष कुमार, नीतीश कुमार, राजेश कुमार ,शुभम कुमार,सतीश करदार, सुरज करदार सहित अन्य ग्रामीणजन एवं छात्र और छात्राएं मौजूद रहे ।

# अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जाएगा अर्घ्य,उदीयमान सूर्य को कल सुबह

अररिया।
शनिवार को नहाए खाए के साथ चैती छठ पर्व हुआ था शुरू
शनिवार से नहाय-खाय के साथ सूयोर्पासना का महान पर्व चैती छठ शुरू हो गया है। चैती छठ चार दिनों तक चलेगा। चैती नवरात्र के छठा दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ दिया जाता है, जबकि सातवा दिन भगवान सूर्य को सात पूजा को उदीयमान सूर्य को अर्घ दिया जायेगा।सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य अर्घ दिया जाएगा।जबकि मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्ग दिया जाएगा।जिसके बाद यह चार दिवसीय चैती छठ संपन्न हो जाएगा. वही बुधवार छठ वर्ती ने भर दिन उपवास रखकर शाम मे खरना का प्रसाद बना कर ग्रहण किया।जिसके बाद निर्जला व्रत शुरू हो गया।सहारा समिति दुर्गा मंदिर के पंडित ललित नारायण झा ने बताया कि चैत्र माह में जिसे चैती छठ कहा जाता हैं। वहीं दूसरी कार्तिक माह में जिसे छठ पूजा कहा जाता हैं।हिन्दू कैलेंडर के अनुसार, नए साल के पहले महीने यानी चैत्र की षष्ठी तिथि को मनाये जाने के कारण इसे चैती छठ कहते हैं। नहाय खाय के दिन से सेंधा नमक से बना अरवा चावल, कद्दू की सब्जी व चना के दाल का प्रसाद खाया।जबकि अगले दिन उपवास होता है। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को पूरे नियम व आस्था के साथ प्रसाद बनाई।पूजा के बाद घर के सभी सदस्य प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण करते हैं. जिसे खरना कहा जाता है।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

पंजवारा थाना परिसर में रविवार को पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव एवं बाराहाट के राजस्व अधिकारी निशा कुमारी अध्यक्षता में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवियों के साथ चैती दुर्गा आयोजन समिति से जुड़े लोग भी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को



त्योहार से जुड़ी गाइडलाइन की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा एवं जुलूस के लिए पहले लाइसेंस निर्गत कराना होगा। साथ ही चैती दुर्गा पूजा के आयोजन एवं विसर्जन से जुड़ी जानकारी भी लेते हुए शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन संपन्न कराने का निर्देश आयोजन समिति को दिया गया। इस मौके पर पंजवारा थाना के एसआई बिपिन कुमार, पंजवारा पंचायत के मुखिया भोला पासवान, पंचायत समिति सदस्य अनिल पासवान ,सरपंच मुकुंद दास, ग्रामीण बाल्मीकि भगत, रमेश मंडल,अमरकांत जायसवाल,महेश मंडल,विनय भगत,घंटुश साह, राजेश झा ,तुलसी यादव, साहब अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## वाहन जाँच टीम ने वसूला पंद्रह हजार रुपये का जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

यातायात पुलिस बांका की टीम ने रविवार को पंजवारा थाना क्षेत्र अंर्तगत मुख्य मार्गों पर सघन वाहन जाँच अभियान चलाया। इस दौरान पंजवारा गोड्डा मुख्य मार्ग पर लीला बाबा स्थान, खुशहालपूर मोड़,विक्रमपुर मोड़ सहित अन्य स्थानों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों की हेलमेट ,सीट बेल्ट ,ड्राइविंग लाइसेंस ,वाहन के कागजात की आदि की सघन जांच की गई इस दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले 15 वाहन चालकों से कुल पंद्रह हजार रुपये जुमार्ना वसूला। अभियान का नेतृत्व एएसआई मनोज कुमार ने किया ।

## पंजवारा चेकपोस्ट से एक शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

शराबियों के धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पंजवारा थाना पुलिस ने शनिवार शाम पंजवारा स्थित उत्पाद विभाग चेक पोस्ट से एक शराबि को गिरफ्तार किया । ये शराबी झारखंड के गोड्डा जिला से शराब का सेवन कर आ रहे थे। गिरफ्तार शराबि की पहचान झारखंड के गोड्डा जिला के पथरगामा थाना क्षेत्र के टैगांर गांव के चंदन कुमार यादव के रुप में हुई है । गिरफ्तार शराबि को आर्थिक जुमार्ना के लिए रविवार को पुलिस अभिरक्षा में थाना से बांका न्यायालय भेज दिया गया।

## स्कूली बच्चे भरा आटो पलटने एक बच्चे की हुई मौत परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो/रिपोर्ट**

बांका: जिसे से एक बड़ी घटना सामने आई है जानकारी के अनुसार स्कूल से पढ़ कर लौट रहे एक बच्चा सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गया। घटना शनिवार की बताई गई है। जानकारी के मुताबिक बांका के खमारी स्थित एक प्राइवेट स्कूल



से पढ़ कर लौट रहे 11 स्कूली बच्चों से भरा हुआ टैंपू मुख्य मार्ग चालक द्वारा संतुलन खो जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा दुर्घटना में घायल सभी को तुरंत एंबुलेंस से सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया। जहां दो छात्रों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर एक बच्चे को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया है। मृत बच्चे की पहचान बांका थाना क्षेत्र के छत्रपाल पंचायत अंतर्गत कटहरा गांव का रहने वाला राजू यादव के 11 वर्षीय पुत्र अमरदीप कुमार के रूप में की गई। वहीं टेंपू में सवार अन्य जख्मी छात्रों का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है। मृत बच्चे की खबर सुनते ही परिजन रो रो कर बुरा हाल है।

## पुलिस ने किया दो शराबी को गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया।**

सुईया पुलिस ने अलग-अलग गांव से दो शराबी को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार शराबी थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के मोती राणा के पुत्र मोहरील राणा, झगराहा गांव के सहदेव यादव के पुत्र मिठन कुमार शामिल है। दोनों शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए बांका कोर्ट भेज दिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने इसकी जानकारी दी हैं। शराबबंदी कानून लागू होने के बाद क्षेत्र की पुलिस शराबी एवं तस्करों पर पैनी नजर बनाए हुए।

## भूमि विवाद को लेकरे थाना में दिया आवेदन।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**

कटोरिया थाना क्षेत्र के दर्वेपट्टी गांव में मामूली विवाद को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर गांव के सीताराम मांझी ने थाना आवेदन देकर गांव के ही हुरो तांती, गणेश तांती सहित 5 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। बताया है कि शनिवार को नामजद अभियुक्त के बच्चों द्वारा आवेदक के बगीचा से आम तोड़ा जा रहा था। जिसकी शिकायत करने पर नामजद अभियुक्तों ने रविवार को आवेदक के साथ मारपीट की। आवेदन में आवेदक ने नामजद अभियुक्तों पर मारपीट के दौरान आवेदक से ग्यारह हजार रूपए भी छीनने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पुलिस ने 41 पेटी शराब की बरामद, शराब तस्कर मौके से फरार

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांका:- भागलपुर हंसडीहा स्टेट हाईवे स्थित कुड़रो मोड़ के समीप से रविवार को पुलिस ने 41 पेटी शराब बरामद किया है। हालांकि मौके से शराब तस्कर फरार होने में कामयाब रहा। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस



को गुप्त सूचना मिली थी कि, झारखंड की तरफ से शराब की बड़ी खेप आने वाली है। जिसके बाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय के निर्देश पर एसआई अनिरुद्ध कुमार एवं पंकज किशोर को छापेमारी अभियान में लगाया गया। इसी दौरान झारखंड की तरफ से एक सफेद स्कॉर्पियो वाहन तेज रफ्तार से आ रही थी। पुलिस को देखते ही स्कार्पियो चालक ने वाहन को रोक दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जब स्कॉर्पियो को जप्त कर तलाशी ली तो स्कॉर्पियो से 41 पेटी में कुल 345.24 लीटर शराब बरामद की गई। बताया गया कि सभी खराब टेट्रा पैक में था। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को जप्त कर बौंसी थाना लाया है। इस मामले में मध्य निषेध अधिनियम के तहत बौंसी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बाँका जिला विधीज्ञ संघ ने उच्च न्यायालय पटना के न्यायाधीश सह बाँका न्यायमंडल के निरीक्षी न्यायाधीश का किया हार्दिक अभिनंदन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट**

बाँका:जिला ब्यबहार न्यायालय के समीप ही एक अन्य न्यायालय का उद्धघाटन के बाद जिला ब्यबहार न्यायालय सहित अन्य न्यायालय के निरीक्षण के दौरान पटना से आए माननीय न्यायाधीश सह बाँका न्यायमंडल के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने जिला जज कृष्ण कांत त्रिपाठी के अलावा एडीजे वन आशुतोष कुमार, एडीजे टू अभिषेक कुमार भान,एडीजे फाइव पियूष कुमार, एडीजे सेवन प्रभाकर झा,एसीजेएम सह प्रभारी सीजेएम सर्वेश मिश्रा सहित न्यायपालिका के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को उचित दिशानिर्देश दिए।

माननीय के बाँका आगमन पर बाँका जिला विधीज्ञ ने भी अपने परिसर में माननीय न्यायाधीश सह निरीक्षी न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद का भरपूर स्वागत किया गया। जिला विधीज्ञ संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने उन्हें अंगबस्त्र एवं बुके देकर



सम्मानित किया। वहीं महासचिव प्रमोद कुमार सिंह, बरीय अधिवक्ता रामदुलार यादव, विभूति ठाकुर सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी उन्हें बुके एवं फुल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर विधीज्ञ संघ के अध्यक्ष श्री सिंह बाँका विधीज्ञ संघ के अधिवक्तागण के लिए अच्छे हॉल सहित अन्य सुविधाओं की मांग की। तो महामहिम श्री प्रसाद ने उनके मांगों को जायच ठहराते हुए कहा की जल्द ही इन कार्यो को पुरा करा दिया जाएगा।

मंच संचालन आनंदेव चौधरी ने किया, जबकि समापन की घोषणा महासचिव प्रमोद कुमार सिंह ने की।

इस मौके पर वरीय अधिवक्ता सुनील सिंह, अम्बर मुखर्जी, रीना झा, सिकंदर यादव, लालदेव यादव, मो आजम सईद, मो वसीर, अरविंद कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, विनय कुमार यादव, हरिकिशोर चौधरी, सुमन कुमार सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पुलिस केवल सजायाफ्ता कैदियों को सजा दिलाने के प्रेशर में न करें काम

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो/रिपोर्ट**

बांका : पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सह बांका कोर्ट के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने शनिवार को मंडल कारा बांका का निरीक्षण किया है। उन्होंने इस दौरान सभी बंदी वार्ड, महिला वार्ड, अस्पताल वार्ड, खेल मैदान सहित अन्य परिसरों का निरीक्षण किया। जहां बंदियों की भजन कीर्तन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। मौके पर निरीक्षी न्यायाधीश के साथ जिला जज कृष्णकांत त्रिपाठी, डीएम अंशुल कुमार, एसपी डॉक्टर सत्यप्रकाश, एडीजे सह डालसा सचिव प्रभाकर झा, एसडीओ डॉक्टर प्रीति, जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, एसडीपीओ बिपिन बिहारी, प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी राजीव कुमार, अभय कुमार सहित अन्य प्रमुख रुप से मौजूद थे। निरीक्षी न्यायाधीश ने सजावार बंदी से बातचीत की।

साथ ही उन्होंने कहा कि सभी सजावार बंदी को पेरोल की सुविधा दी जाए। बंदी के सभी मौलिक अधिकार की पूर्ति होनी चाहिए। कहा कि उन्होंने अपने न्यायिक सेवा में पेरोल की जरुरत को महसूस किया है। अपने एक फैसले का भी जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके समक्ष एक ऐसे मामले आए जहां बंदी की पत्नी ने संतान जनने के लिए पति को छोड़ने की अपील की। काननू का सघन अध्ययन व व्यवहारिक पक्ष को देखते हुए उन्होंने पेरोल दिया। निश्चित रुप से हमें मानवीय पक्ष की रक्षा करनी है। हमारे देश का संविधान इतना अच्छा है कि यह हर मायने में सभी के लिए



उपयोगी है। इसके बाद उन्होंने सभी बंदी वार्ड में जाकर बंदी को मिलने वाली सुविधा, खाना, दवा, मुलाकाती आदि की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही जिन्हें भी सरकारी वकील की आवश्यकता हो उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने मौके पर जेल प्रशासन से नियमित व स्थायी रुप से कौशल विकास के कार्यक्रम संचालित कराने का निर्देश दिया। साथ ही खेलकूद व अन्य गतिविधियों से जोड़ने पर संतुष्टि महसूस की।

वहीं निरीक्षी न्यायाधीश जब बंदियों से मिलने आए तो इस दौरान बंदियों द्वारा उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद पुस्तकालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निरीक्षी न्यायाधीश सहित अन्य अधिकारियों ने बंदियों के प्रस्तुत भजन-कीर्तन का जमकर आनंद लिया। निरीक्षी न्यायाधीश बंदियों के भजन से काफी मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि आप सभी बंदी कितना मधुर गाते हैं और कितने बेहतरीन ढंग से वाद्य यंत्र बजाते हैं, इसलिए उनकी शुभकामनाएं है कि वे सभी यहां से सीख लेकर निकलें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हुए अपने परिवार के साथ जीवन गुजर-बसर करें।निरीक्षी न्यायाधीश ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि निर्दोष भी जेल में आ जाते हैं। पुलिस केवल सजा दिलाने के प्रेशर में काम न करें बल्कि अपना पर्यवेक्षण एवं अनुसंधान को पूरे मन से करें ताकि निर्दोष को भी बचाना पुलिस के अनुसंधान का ही जरुरी हिस्सा है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई बंदियों की समस्या सुनते हुए एसपी और न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## कृषि प्रक्षेत्र दिवस सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो/रिपोर्ट**

बांका/रजौनः जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत अंगीकृत गांव उपरामा स्थित उच्च विद्यालय उपरामा के मैदान में रविवार 26 मार्च को कृषि प्रक्षेत्र दिवस सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के कृषक पुस्तकालय का उद्घाटन बीएयू के कुलपति डॉ डी आर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर के कुलपति डॉ. दुनिया राम सिंह, शिक्षा प्रसार निदेशक डॉ. आर के सोहाने, सस्य विज्ञान के निदेशक डॉ. संजय कुमार, पशुपालन के वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. मुनेश्वर प्रसाद, डॉ. धवेन्द्र कुमार, डॉ. रघुवर साहू, डॉ. संजय मंडल, डॉ. जुबली साहू, कृषि विभाग से जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा परियोजना निदेशक दीपक कुमार, भूमि संरक्षण विभाग के सहायक निदेशक संजय सिंह, रजौन प्रखंड के प्रभारी प्रखंड तकनीकि प्रबंधक रंजन कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। आयोजित कार्यशाला मंच को विधिवत दीप प्रज्वलित करते कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। वहीं इसके बाद शिवमणि वेलफेयर सोसायटी के बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत के लिए स्वागत गान गाया



गया। इसके बाद प्रशिक्षण कार्यशाला के क्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने जलवायु के अनुकूल कृषि के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित किसानों ने अपनी समस्याओं को रखा तथा उसके समाधान व होने वाले लाभों के बारे में बारीकी से अवगत हुए। वहीं प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान काफी संख्या में उपस्थित जागरूक किसानों को देखकर मुख्य अतिथि के तौर पर आए कुलपति डॉ. दुनिया राम सिंह ने कहा कि अब किसानों की खेती कृषि को व्यवसायिक स्तर पर जमीनी स्तर से जोड़ने में सफल होगी। मौके पर प्रगतिशील किसान रुपेश चौधरी, निरंजन चौधरी, रविंद्र चौधरी, सिंटू चौधरी, लारेन्द्र चौधरी ने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम से होने वाली विभिन्न लाभों को बारीकी से बताया। इस दौरान वैज्ञानिक और प्रगतिशील किसानों के बीच ज्यादातर बातों में सामजस्य स्थापित होता स्पष्ट देखा जा रहा था, जिस कारण से बांका में कृषि की एक अलग पहचान है। इस कार्यक्रम में अंगीकृत गांव उपरामा, कठौन, भूसिया, लीलातरी, बसुवारा सहित अन्य गांवों से आए काफी संख्या में महिला-पुरुष किसान उपस्थित थे।

## कहलगाँव प्रखंड के पार्क चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूतला दहन किया गया

**दैनिक समाज जागरण/निबराज आलम**

प्रदेश प्रतिनिधि बिहार प्रदेश कांग्रेस सह जिला अध्यक्ष अल्प० सं० कांग्रेस भागलपुर मो० शारीक खान 'नवाब' के नेतृत्व में कहलगाँव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कहलगाँव प्रखंड के पार्क चौक पर आदरणीय राहुल गांधी जी को एक षड्यंत्र के तहत फंसाने व लोकसभा सदस्यता रद्द किऐ जाने के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूतला दहन किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेसी कार्यकताओं ने जम कर नारेबाजी की वहीं मो० शारीक खान ने कहा यदि आप लोकतंत्र का गला घोंटना बंद नही करेंगे और हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी की लोकसभा सदस्यता वापस नही करते हैं तथा हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी द्वारा किये गए सवालों का जवाब दें 20,000 करोड़ किसका है और अडानी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्या रिश्ता है ये सभी सवालों का जवाब आप जब तक नही देंगें तब तक ये विरोध प्रदर्शन आगे भी चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जनाब सरवर खान, मो० बसीर अहमद साहब, वाहिद साहब, भागलपुर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल कुमार, प्रवीण कुमार



राणा, नवीन मंडल, कहलगाँव विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो० साजिद हुसैन, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव मो० शहजाद अंसारी, सुशील कुमार दास, मो० ईस्माइल, मो० मिस्टर, मो० सरताज, रमन कुमार, सुभाष कुमार, मो० आशिद हुसैन, मो० इबरार साहब, मो० अकबर एवं सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित थें।

## भागलपुर मे मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को जिन्दा जलया अपराधियो ने

**दैनिक समाज जागरण/निबराज आलम**

भागलपुर मे मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को जिन्दा जलया अपराधियो ने भागलपुर से एक बड़ी घटना सामने आ रही है जहाँ मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को जिन्दा जलाया हलांकि मोटरसाइकिल तो बुरी तरह जल कर राख हो गया घायल युवक की स्तिथि नाजुक बनी है ताजा मामला भागलपुर जिला के मधुसुदनपुर ओपी क्षेत्र के किसनपुर बायपास मोड़ के समीप गोराडीह के कदवा मोहनपुर से भोज खाकर अपने घर दरियापुर लौट रहे बाइक सवार युवक को गंभीर स्तिथि में जल जाने के कारण इलाज के लिए मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है।घायल कुछ भी नही बता पा रहा है।घायल के भाई ने बताया की भोज खा कर लौट रहा था,क्या घटना हुई उसे कुछ नही मालूम है,घायल की पहचान सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र नकुल यादव के रूप में हुआ है। नकुल यादव कलकत्ता मे रहकर ट्रक ड्राइवर का काम किया करता था वो दरियापुर पहुंचा था उन्होंने बताया की घटना की सूचना पर पहुंचे पर तो मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।किसनपुर बायपास मोड़ के समीप बाइक पूरी तरह से जली हुई है।

## जमीन विवाद में अधिवक्ता के साथ मारपीट

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो/रिपोर्ट**

बांका : रजौन थाना क्षेत्र के भदवा गांव में शनिवार की देर रात भूमि-विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से एक महिला सहित पांच लोग जख्मी होने की बात सामने आई है। हालांकि घटना की प्राथमिकी खबर लिखे जाने तक रजौन थाना में दर्ज नहीं की जा सकी है। इस सम्बंध में रजौन थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष से किसी ने अब तक प्राथमिकी के लिए लिखित आवेदन नहीं दी है। इस सम्बंध में भदवा ग्राम निवासी सह अधिवक्ता गौतम कुमार ने बताया कि करीब एक दर्जन की संख्या में हरवे हथियार से लैस होकर आए लोगों ने उनके घर पर आ धमके और हमला करना शुरू कर दिया। हमला करते देख बीच-बचाव करने पहुंचे शिक्षक शंभू पासवान, नारायण पासवान आदित्य कुमार, गुंजन कुमारी के ऊपर भी उग्र लोगों ने हमला कर दिया, हमला



करने से सभी लोग घायल हो गए। घटना के परिजनों ने सभी जख्मी लोगों को आनन-फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजौन पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी जख्मी को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं इस घटना में दूसरे पक्ष के भी कई लोग जख्मी होने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारपीट की इस घटना के बाद अधिवक्ता गौतम कुमार के पक्ष के लोग ही थाना पहुंचे, लेकिन रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सभी गहन इलाज हेतु मायागंज अस्पताल चले गए हैं। इस घटना के बाद किसी पक्ष द्वारा रजौन थाना में प्राथमिकी हेतु आवेदन नहीं दिए जाने की वजह से अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

## अखिल भारती कांग्रेस कमेटी द्वारा संकल्प सत्याग्रह

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो/रिपोर्ट**

बांकाः शनिवार 26 मार्च को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बांका के द्वारा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में गांधी चौक पर गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष संकल्प सत्याग्रह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो के प्रभारी भारत यात्री पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना विशेष रुप से उपस्थित रहे कार्यक्रम भारत में लोकतंत्र की जो हत्या हो रही है सांसदों विधायकों विपक्षी नेताओं का बोलने की आजादी छीनी जा रही है। राहुल गांधी जैसे बड़े नेता की संसद से सदस्यता खत्म की जा रही है। इसी के मद्देनजर दिल्ली के राजघाट से देश के संपूर्ण जिलों में संकल्प सत्याग्रह का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर कमीटी प्रभारी अमित कुमार टुना ने कहा कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए 11 कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं देश की जनता को आगे आना होगा। देश का पैसा लूट कर भागने वालों को सरकार संरक्षण दे रही है ।और जो नेता देश में लोकतंत्र और भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने के लिए जाना जाता है, उसकी सदस्यता खत्म कर दी जा रही है। यहां तक कि विपक्षी नेताओं को एक एकर जेल में डाला जा रहा है। इससे यह साबित हो रहा है कि देश में अघोषित आपातकाल लागू कर दिया गया है। जहां मीडिया संवैधानिक संस्थाएं चुनाव आयोग सब पर दबाव बनाकर सरकार के पक्ष में सभी फैसले कराए जा रहे हैं। 2014 के चुनाव के बाद



राहुल जी ने कहा था यह सूट बूट की सरकार है जब देश की जनता नोटबंदी के समय अपना ही पैसा बैंकों से निकालना चाहती थी तो उन पर लाठियां बरसाई जाती थी । उस समय कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी ने इसका जबरदस्त विरोध किया था।और देश को लूटने का कारण बताया था इसके बाद सरकार ने उनकी एसपीजी की सुरक्षा वापस ले ली GST के समय भी एक ही नेता मुखर आवाज में देश की जनता और व्यापारियों के साथ खड़ी थी तो उन्हें हजारों करोड़ खर्च कर भाजपा की सरकार पप्पू साबित करने पर लगातार असफलप्रयास करती रही जब राहुल गांधी जी ने 4000 किलोमीटर पदयात्रा कर कन्याकुमारी से कश्मीर तक लोगों के दुख दर्द नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दुकान खोली और संसद भवन में अदानी और मोदी के रिश्तो के बारे में भोला तो उनकी सदस्यता और संवैधानिक तरीके से साजिश के तहत समाप्त कर दी गई आज लोकतंत्र और भारत का संविधान खतरे में आ गया है। नफरत भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी पर बोलना गुनाह हो गया है कांग्रेश के एक-एक कार्यकर्ता घर घर जाकर राहुल गांधी के संदेश को और उनके साथ किए गए अत्याचार को पहुंचाएगी बांका जिला कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए अंतिम दिन तक लड़ाई लड़ेगी इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश्वरी प्रसाद यादव लक्ष्मण प्रसाद सिंह संजय झा अजय कुमार सिंह सुनैना झा रेखा सोरेन बिंदा देवी निशा देवीआनंद कृष्ण सिंह दिवाकर यादव मनीष घोष सुबोध मिश्र विनय कापरी धर्मेंद्र धारी जी मनोज चंद्रवंशी शंभू सिंह गिरीश पासवान उमेश महाराणा भानु प्रताप सिंह प्रदीप चतुवेर्दी सिंटू दास राजीव रंजन कुमार बीएचयू एनएसयूआई के samendra प्रताप विपिन शर्मा उमेश शाह सुभाष कुमार यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चदरा लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट ने से 3 लोग हुए जख्मी

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांका:- बौंसी थाना क्षेत्र के पाठक टोला समीप चदरा लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें 3 लोग जख्मी हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बंगाल के नलहटी से मिनी ट्रक पर चदरा लोड कर बंगाल निवासी मोहम्मद मीरफतूर, मोहम्मद मुबारक हुसैन, मोहम्मद रजूल एवं नूर इस्लाम भागलपुर की तरफ जा रहे थे। बताया जाता है कि, 4 लोग वाहन पर सवार थे। बताया जाता है कि, पाठक टोला के समीप ब्रेकर के पास पहुंचते ही



वाहन अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में मोहम्मद मीरफतूर, मोहम्मद रजूल एवं मुबारक हुसैन जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि, उक्त लोग वाहन से चदरा लोड कर भागलपुर जा रहे थे। जहां वह फेरी का काम कर सामान बेचते हैं। बताया गया कि दुर्घटना के बाद पुलिस को सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों जख्मियों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार हुआ।

## सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचार यात्रा के दुल्लीपट्टी पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

**जयनगर नित्यानंद झा राजू दैनिक समाज जागरण।**

सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचार यात्रा के रविवार की शाम दुल्लीपट्टी पहुंचने पर गाँव के श्रद्धालुओं और आर्य समाज के अनुयायिओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इससे पहले यह यात्रा साधना स्थली छपराढी स्थित आर्ष गुरुकुल गुरूवार को बेनीपट्टी आर्ष गुरुकुल से पहुंची. यह यात्रा वैदिक धर्म को घर घर स्थापित करने हेतु बिहार के सभी प्रखडों में पहुंचेगी. यात्रा का नेतृत्व कर रहे आचार्य सुशील कान्त मिश्र ने बताया कि वेद सभी विद्याओं की आदि ग्रंथ है. महर्षि दयानंद सरस्वती ने लोगों से वेदों की ओर लौट चलो का आह्वान किया था. उनके संकल्प को उनके दो सौवीं जन्म दिवस पर बिहार के सभी घरों तक पहुंचाने के लिए यह यात्रा निकाली गई है. स्वामी



दयानंद सरस्वती का जन्म 1824 को गुजरात के टंकारा में हुआ था. बताते चलें कि खजौली प्रखंड के छपराढी गाँव स्थित साधना स्थली में एक गुरुकुल चलाया जाता है जहाँ लगभग दो दर्जन छात्र वेद की शिक्षा ले रहे हैं. गुरुकुल का संचालन लगभग दस वर्षों से हो रहा है. साधना शिविर में नित्य स्वाध्याय, वेद दर्शन, वेद पाठ, होम, संध्या वंदन आदि का नित्य आयोजन किया जाता है. आचार्य यामुन प्रसाद, गगाई पंडित, विष्णुदेव मुनि, रामपलट मुनि, विवेकानंद पंडित, अरविन्द यादव, चन्द्र नाथ यादव, हीरा प्रसाद गुप्ता, योगमूनि प्रधान विश्वेश्वर आर्य, रमेश आर्य आदि नियमित रूप से वैदिक कार्यक्रम में शामिल होते हैं.

## छपराढी में बीस वर्षो से हो रहा चैत्री नवरात्र का आयोजन

**जयनगर नित्यानंद झा राजू दैनिक समाज जागरण।**

खजौली प्रखंड के छपराढी गाँव में बिते बीस वर्षों से चैत्री दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है. दुर्गा पूजा का आयोजन पूरे आस्था, भक्ति और उल्लास के साथ किया जाता है.

छपराढी गाँव स्थित दुर्गा मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्री नवरात्र का आयोजन किया गया है. पंडितों के मंत्रोच्चारण और दुर्गा सप्तशती पाठ सहित संध्या आरती के बीच दुर्गा पूजा के आयोजन से वातावरण आध्यात्मिक हो गया है. अहले सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है. दुर्गा पूजा को लेकर कलश स्थापना हेतु जयनगर कमला पुल से छपराढी स्थित मन्दिर परिसर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया था. दुर्गा पूजा का आयोजन कुआढ छपराढी के ग्रामीणों के सहयोग से किया जाता है. आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष



दुर्गा पूजा के दौरान धार्मिक अनुष्ठान के अतिरिक्त भव्य मेला, मीना बाजार, झूला आदि का भी आयोजन किया गया है. दुर्गा पूजा के दौरान आल्हा ऊदल, रामायण एवं जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विजय कुंवर, सचिव राघवेंद्र कुंवर, कोषाध्यक्ष नरेश यादव, उपाध्यक्ष रोहित यादव, उप सचिव सत्य नारायण यादव, आलोक कुंवर, हर्ष नारायण सिंह, आलोक यादव सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकताओं द्वारा आयोजन को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग किया जा रहा है.

## भाजपा छोड़ कर दर्जनों लोगों ने थामा रामविलास का लोजपा पार्टी

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पार्टी के जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता में बहादुरगंज डाक बंगला में कार्यकर्ता सम्मेलन सह बैठक का आयोजन किया गया । सम्मेलन में दर्जनों लोगो ने भाजपा को छोड़ कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिन्हे लोजपा जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान ने माला पहनाकर कर स्वागत किया।जिला अध्यक्ष हबीबुर्रहमान ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के मिशन से



प्रभावित होकर सभी लोगो ने पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है। वही उन्होंने बताया की आगमी तीन महीने तक पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।और बताया की 1 लाख 75 हजार लोगो को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा की जिले के सभी प्रखंडों और वार्ड में सदस्यता अभियान चला कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर दलित सेना के जिला अध्यक्ष सोहन लाल दास, युवा जिला अध्यक्ष नीरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष तबरेज आलम जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार डोगरा, वरिष्ठ नेता मुजफ्फर आलम एवं मीडिया प्रभारी मुर्तजा अली सहित सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे ।

## मोबाईल चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार 06 मोबाईल एवं मोबाईल के कई पार्टपुर्जा बरामद

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। 25 मार्च को त्रिवेणी दास उम्र करीब 54 वर्ष पिता रामगुलाम दास सा. डुमरिया वार्ड नं. 30 थाना व जिला किशनगंज ने एक लिखित आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने तीन व्यक्ति सुरज कुमार सिंह पिता स्व. बिरेन्द्र सिंह सा. बारह बिघा थाना गिरियक जिला नालंदा, धीरज कुमार पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद सा.रूपहाता थाना नौखा जिला रोहतास,भोला कुमार हरिजन पिता स्व. नन्दी लाल हरिजन सा. धनतोला थाना दिघलबैंक जिला किशनगंज पर मोबाईल चोरी करने का आरोप लगाए गए। आवेदन के आधार पर किशनगंज थाना कांड सं.-125 / 23 धारा-379 भा.द.वि. दर्ज किया गया। आवेदक एवं उनके परिजन के द्वारा तीनों अभियुक्तों को किशनगंज में पश्चिम पाली से पुलिस केन्द्र जाते हुए देखा तथा तीनों व्यक्ति को रोक कर रखा। उनलोगों के द्वारा किशनगंज थाना को खबर किया गया। गश्ती दल एवं पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर तीनों व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया। तीनों व्यक्ति ने पुछताछ करने पर सुरज कुमार और धीरज कुमार ने बताया कि वे बिहार पुलिस में सिपाही है और तीसरे व्यक्ति भोला कुमार हरिजन ने बताया वो चौकीदार है। पुछताछ के क्रम में तीनों व्यक्तियों ने बताया कि हम तीनों मिलकर पुलिस का धौंस दिखाकर लोगों से मोबाईल ले लेते है. जिसे ले जाकर नसमा पिता मो.अब्बास सा.खगड़ा माछमारा वार्ड नं.33 थाना व जिला किशनगंज को बेच देते है. और उसके एवज में स्मैक लेकर पी लेते है । पुछताछ के क्रम में इन तीनों व्यक्ति ने बताया कि नसमा के सम्पर्क में आने के बाद ये लोग स्मैक का सेवन करने लगे और उनके ही उकसावे पर लोगों से मोबाईल चोरी करने लगे। इन तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उक्त घटना में संलिप्त अन्य वांछित अभियुक्त नसमा की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

## पुलिस ने भटकी हुई एक बालिका को सकुशल उनके परिजन को सुपुर्द किया

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। रविवार 25 मार्च को समय 19.05 बजे एक भटकी हुई बालिका महिला थाना पर आयी और थाना पर तैनात म.सि./120 दिव्या कुमारी से बालिका सुधार गृह कहाँ है के संबंध में पूछने लगी तभी पु.अ.नि. मासुम कुमारी, थानाध्यक्ष, महिला थाना द्वारा भटकी हुई बालिका से पुछताछ की बालिका द्वारा अपना नाम रौशनी खातुन पिता मो. शहीद सा.-मदारगंज, थाना- सिमराहा, जिला-अररिया की निवासी बतायी गयी। आगे बताया कि घर में पारिवारिक विवाद को लेकर वह गुस्से में बिना किसी को सूचित किये अररिया से बस से किशनगंज बस स्टैण्ड पहुँची थी । जहाँ से वह सीधे थाना आयी। बालिका के द्वारा यह भी बताया गया कि वह पहले भी बालिका सुधार गृह में रह चुकी है। इसलिए वह बालिका सुधार गृह में जाना चाहती है। पुलिस के द्वारा इस संबंध में सनहा दर्ज करते हुए ङ्क्षॅ ल्ढ़ीॅस्त्र छल्ली, ङ्करस्र्ल्लॅल्ढ्ढ को सूचित किया गया। भटकी हुई बालिका को महिला सिपाही के देख-रेख में थाना सिरिस्ता में सुरक्षार्थ रखा गया ।

महिला थानाध्यक्ष किशनगंज द्वारा भटकी हुई बालिका के परिजन से सिमराहा थाना अररिया जिला के माध्यम से सम्पर्क किया गया। तत्पश्चात दिनांक - 26 मार्च को भटकी हुई बालिका के पिता मो. शहीद पिता स्व.मो.जनीब सा.-मदारगंज, थाना-सिमराहा, जिला - अररिया एवं माता अंजुमन खातुन पति-शहीद महिला थाना, किशनगंज आयी, उनके पहचान पत्र आधार कार्ड के आधार पर उक्त बालिका को उनके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

## विरोध प्रदर्शन : खोरीबाड़ी में कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के समर्थन में किया आवाज बुलंद।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खोरीबाड़ी(दार्जिलिंग) । खोरीबाड़ी कांग्रेस संगठन ने राहुल गांधी को सांसद पद से बर्खास्त किए जाने का विरोध किया है । रविवार को खोरीबाड़ी प्रखंड कांग्रेस ने पार्टी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया । पश्चिम बंगाल महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नवनीता रितकी, अध्यक्ष मंजू सिन्हा,




खोरीबाड़ी ब्लॉक युवा कांग्रेस नेता माणिक बर्मन और अन्य उपस्थित लोगों विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे । साथ ही किशनगंज कांग्रेस सांसद डॉ मोहम्मद जावेद ने भी इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया । महिला कांग्रेस अध्यक्ष नवनीता रितकी ने कहा कि यह विरोध सत्याग्रह आंदोलन को याद कर राहुल गांधी के साथ हुए अन्याय के खिलाफ विरोध है ।

किशनगंज सांसद डॉ मोहम्मद जावेद ने कहा, हम चाहते हैं कि अडानी के खिलाफ जेपीसी जाँच हो और यह जाँच निष्पक्ष रूप से जांच की जाए।

## वार्ड नंबर 1 के मसकन बरारी में बिहार सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा 44 हैंडलूम बुनकरों को प्रदान किया गया

**दैनिक समाज जागरण/ निबराज आलम**

वार्ड नंबर 1 के मसकन बरारी में बिहार सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा 44 हैंडलूम बुनकरों को प्रदान किया गया जिसमें वार्ड नंबर 1 के पार्षद प्रीति देवी ने खुद से अपने हाथों से 44 बुनकरों को हैंडलूम प्रदान किया है। वहीं वार्ड 1 के पार्षद प्रीति देवी ने बताया कि बुनकरों को बिजली की समस्या को लेकर आज बिहार सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा बिजली से बचाव के कारण आज बुनकरों को 44 हैंडलूम दिया गया है जिससे बुनकरों में काफी खुशी एवं उत्साहित दिख रहे हैं। इसमें शामिल उर्मिला देवी, जूली देवी ब्यूटी कुमारी रेशम कुमारी, जितेंद्र कुमार भरत प्रसाद, विकास कुमार इत्यादि काफी बुनकर मौजूद थे।





## 10 दिवसीय मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**राहुल दैनिक समाज जागरण**

12वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किशनगंज के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम वर्ष 2022-23 के अंतर्गत सीमावर्ती 15 बेरोजगार युवाओं के लिए दिनांक 17.03.2023 से डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज में आयोजित 10 दिवसीय वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण का समापन समारोह मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ विद्या भूषण झा, अधिष्ठाता डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज द्वारा काईखो अथिको कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं सनिहे सलिऊ, उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी को पुष्पगुच्छ भेंट करने के साथ ही काईखो अथिको, कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी द्वारा डॉक्टर विद्या भूषण झा, अधिष्ठाता डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज को कार्यक्रम के संदर्भ में स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया. कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी ने उक्त प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर इसको सर्वप्रथम छोटे



स्तर पर उद्योग को आरंभ कर अनुभव के साथ धीरे-धीरे बड़े उद्योग के रूप में स्थापित किया जा सकता है. तो वही सनिहे सलिऊ, उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी ने डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि भारत सरकार द्वारा लघु उद्योगों को आरंभ करने के लिए न्यूनतम दर पर बैंकों में लोन की व्यवस्था की गई है. इस कार्यक्रम में काईखो अथिको, कमान अधिकारी 12 वीं वाहिनी, श्री सनिहे सलिऊ, उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी, डॉ विद्या भूषण झा, अधिष्ठाता डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज, डॉक्टर कलमेश एम. सहायक प्रोफेसर सहकनिष्क वैज्ञानिक, डॉक्टर ईराईया, सहायक प्रोफेसर कनिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय किशनगंज एवं 15 सीमावर्ती प्रशिक्षणार्थी तथा 12 वाहिनी के बलकर्मी उपस्थित थे.

## सिलीगुड़ी में करोड़ों रुपये के सोने के साथ तीन गिरफ्तार

**उत्तम सिंह संवाददाता दैनिक समाज जागरण सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**

डीआरआई की टीम ने सिलीगुड़ी से वृंदावन में दुबई का सोना तस्करी होने से पहले ही तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम मुरारीलाल सोनी, सोनपाल सोनी और श्री बैजू है। जिसमें मुरारीलाल राजस्थान का निवासी है। जबकि सोनपाल और श्री बैजू मथुरा का निवासी है। साथ ही एक चार पहिया वाहन को विशेष चेंबर बनाकर सोना तस्करी की जा रही थी, उसे भी जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार,एक चार पहिया वाहन को डीआरआई की टीम बागडोगरा एयरपोर्ट मोड़ पर गुप्त सूचना के आधार पर वाहन की तलाशी ली। तलाशी लेने के क्रम में उस वाहन के अंदर विशेष चेंबर पाया गया। इसके बाद जब डीआरआई की टीम विशेष चेंबर को खोला तो उससे 23 पीस सोना की बिस्कुट बरामद हुई। जिसका कोई वैध कागजात नहीं था।

जिसके बाद डीआरआई की टीम ने वाहन में बैठे तीनों आरोपियों को तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। डीआरआई पक्ष के अधिवक्ता त्रिदीप साहा ने कहा कि शनिवार को गुप्त सूचना पर डीआरआई की टीम बागडोगरा एयरपोर्ट मोड़ से एक वाहन से 2 किलो 668 ग्राम सोना बरामद किया



था। जिसका बाजार मूल्य 1 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक है। बरामद सोना में दुबई मार्का का है। त्रिदीप साहा ने आगे कहा कि मुरारीलाल सोनी, सोनपाल सोनी और श्री बैजू सिलीगुड़ी 3 नंबर वार्ड के रहने वाले राजू उर्फ राजकुमार अग्रवाल नामक एक व्यक्ति से विदेशी सोना खरीदने की डील किया था। जिसके तहत ये तीनों राजकुमार अग्रवाल को 24 लाख 40 हजार रुपये भी एडवांस में दिया था। इसके बाद ये तीनों वृंदावन से सिलीगुड़ी सोना लेने पहुंचा।

सोना लेकर ये तीनों वृंदावन जा रहे थे, लेकिन उससे पहले ही डीआरआई की टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आज तीनों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया। वहीं, इन तीनों के बयान के आधार पर बीती रात डीआरआई की टीम तीन नंबर वार्ड स्थित राजकुमार अग्रवाल के घर पर भी रेड किया। जहां से नगद 24 लाख 40 हजार रुपये बरामद हो गया, लेकिन राजकुमार अग्रवाल फरार हो गया। वहीं, बचाव पक्ष के वकील अखिल विश्वास ने कहा कि उनके मुवक्किल को गलत तरीके से डीआरआई ने फंसाया है। सोमवार को वे अपने मुवक्किल के लिए अदालत में जमानत याचिका दायर करेंगे।

## पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के क्रम में 2600 लीटर नकली डीजल, पेट्रोलकिया गया बरामद

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।दिनांक- 25 मार्च को पु.अ.नि. धनजी कुमार, टेढ़ागाछ थाना द्वारा थाना रिजर्व बल के साथ दिवा गश्ती क्रम में समय करीब 12:15 बजे फुलबरिया चौक पर वाहन चेकिंग कर रहे थे कि उसी समय गुप्त सूचना मिली कि साहेब आलम पे.स्व. नइमुल हुदा एवं अजीमुदीन पे. डोमन अली दोनों सा. झूनकी मुशहरा थाना टेढागाछ जिला किशनगंज अपने-अपने घर में काफी दिनों से नकली डीजल, पेट्रोल बनाकर चोरी-छिपे अवैध तरीके से व्यापार कर रहे हैं. जिससे आमजनों को नकली डीजल, पेट्रोल का उपयोग करने से इंजन पर काफी क्षति हो रही है। सूचना के सत्यापन हेतु ग्राम झूनकी मुशहरा में साहेब आलम के घर पर पहुँचे तो पुलिस बल को देखकर साहेब आलम एवं उसके परिवार के लोग भाग गये। उसके घर में तलाशी लेने के क्रम में कुल 09 ड्रम में 1800 लीटर उजला रंग का तरल पदार्थ पाया.वहां पर महाल चौकीदार को निगरानी में रखते हुए पुनः अजीमुदीन के घर पर छापामारी हेतु पहुंचे तो वहाँ भी अजीमुद्दीन सहित उसके घर के लोग फरार पाये गये । तत्पश्चात उसकी घर की तलाशी ली गयी। उसके घर से 04 ड्रम में 800 लीटर उजला रंग का तरल पदार्थ पाया गया। उक्त दोनों जगहों पर ड्रम में रखे पदार्थ की जांच करने पर पाया कि उसमें से डीजल,पेट्रोल जैसा हल्का गंध आ रहा था । ऐसा प्रतीत होता है कि ड्रम में रखे तरल पदार्थ से किसी नकली तरह से डीजल, पेट्रोल बनाया गया है तथा डीजल, पेट्रोल के नाम पर अवैध धंधा किया जा रहा है। इसकी पुष्टि के लिये स्थानीय पेट्रोल पम्प के संचालक द्वारा जांच करवाया गया तो नकली डीजल,पेट्रोल पाया गया ।

तत्पश्चात उक्त दोनों जगहों से बरामद कुल 09 ड्रम में 1800 लीटर एवं 04 ड्रम से 800 लीटर कुल - 2600 लीटर तरल पदार्थ डीजल,पेट्रोल जैसा को विधिवत जप्त किया गया एवं अवैध, नकली डीजल,पेट्रोल रखने एवं व्यपार करने के लिए साहेब आलम पे. स्व. नइमुल हुदा एवं अजीमुदीन पे. डोमन अली दोनों सा. झूनकी मुशहरा थाना टेढागाछ जिला किशनगंज के विरूद्ध टेढागाछ थाना काण्ड स.-24 / 23 दिनांक-25.03.2023 धारा-414,419,420 भा.द.वि. एवं 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम दर्ज किया गया। उक्त दोनों अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

## जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर विभिन्न समस्याओं से अवगत करा कर उचित पहल करने की मांग किया

वीरेंद्र चौहान,दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके सरकारी आवास 1- अन्ने मार्ग में भेंटकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर उचित पहल करने हेतु आग्रह किया। जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है। कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय डेरामारी मोजाबारी जिनका 04 फरवरी 2023 को आपके कर कमलों से लोकार्पण हुआ है के लिए 52 सृजित पदों पर बहाली प्रक्रिया प्रारंभ कर शैक्षणिक सत्र 2023-24 से पढ़ाई प्रारंभ करने की मांग की है।साथ ही उक्त विद्यालय के एकेडमिक कैम्पस से आवासीय कैम्पस तक आवागमन हेतु फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने की मांग की है। पिछले दिनों पूर्णियां जिला अन्तर्गत रौटा थाना क्षेत्र के शीशाबारी कर्बला में अखाड़ा एवं प्रशासन के बीच झड़प के उपरांत रौटा थाना कांड संख्या 111/22 में लगभग 5000 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया था। जिसमें अधिकांश लोग बेकसूर हैं।इस संबंध में पूर्व में एक डेलिगेशन के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उचित पहल करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने तत्कालीन डीजीपी को मामले की जांच कर निर्दोष लोगों को बड़ी करने का निर्देश दिया था। परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री से उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कर निर्दोष लोगों को बड़ी करने की मांग की गई है। किशनगंज जिले में बीएड एवं ला की पढ़ाई नहीं होने से जिले के



स्टूडेंट्स को बीएड एवं ला की पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ता है।बीएड कालेज के लिए अगर आवश्यकता पड़ी तो वक्फ की जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए किशनगंज जिले में बीएड कालेज खोलने एवं मारवाड़ी कालेज किशनगंज में ला की पढ़ाई शुरू करने हेतु उचित पहल करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पूर्णियां जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड के खाड़ी घाट एवं रसैली घाट पुल के बचे हुए कार्य को जल्द पूरा कर आवागमन चालू कराने की मांग की गई है। किशनगंज जिला अन्तर्गत दिघलबैंक, ठाकुरगंज एवं टेढ़ागाछ प्रखंडों में नेपाल से सटे क्षेत्रों में आए दिन नेपाल के जंगलों से प्रवेश कर हाथियों के झुंड द्वारा जान माल की भारी तबाही मचाई जा रही है।इस साल अब तक दो लोगों की जान हाथियों के झुंड के हमले में चली गई है। साथ ही कई दर्जन घरों और सैकड़ों एकड़ फसलों को तबाह किया जा चुका है।इस संबंध में उचित पहल कर हाथियों के झुंड के भारतीय सीमा में प्रवेश पर रोक लगाए जाने के साथ साथ पीड़ित परिवारों को उचित सरकारी मुआवजा दिया जाए। महानंदा नदी पर अभेयपुर घाट,खरखरी-भेरभेरीघाट, निश्चितपुर घाट, तैय्यबपुर घाट एवं कनकई नदी में असुरा निशन्दरा घाट एवं मटियारी घाट पर पुल निर्माण पर चर्चा किए। इनके साथ ही अन्य समस्याओं पर भी चर्चा किए। माननीय मुख्यमंत्री ने उक्त समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से उचित पहल करने को कहा है।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन

**राहुल दैनिक समाज जागरण**

शहर के पछिमपाली चौक पर किशनगंज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो आजाद साहिल के अध्यक्षता में कांग्रेस नेताओं ने रविवार को राहुल गांधी के लोकसभा से सदयस्ता समाप्त किये जाने के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में किशनगंज के माननीय सांसद डॉ मो जावेद आजाद साहब मौजूद रहे. पछिमपाली चौक में पुतला दहन के बाद किशनगंज कांग्रेस जिला काँग्रस कमेटी के जिला अध्यक्ष पिंटू चौधरी जी के अध्यछता में गांधी घाट स्थल में महात्मा गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष उपवास में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठे. इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष इमाम अली चिंटू, किशनगंज विधायक प्रतिनिधि अब्सरुल हुसैन, जिला उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, अल्पसंख्य जिला



अध्यक्ष शमशीर अहमद दारा, जिला परिषद इमरान आलम, महिला जिला अध्यक्ष शाहजहां बेगम, महिला कांग्रेस नेत्री इला देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सहिदा बेगम, नगर कांग्रेस प्रभारी जुल्फेकार अंसारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सजल साहा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सरफराज खान, कांग्रेस नगर महासचिव मो हबीब, विचार मंच चेयरमैन नीरज कुमार, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संभु यादव, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमजद अली, युवा कांग्रेस जिला संयोजक वसीम अख्तर, युवा कांग्रेस नेता शौकत अली, युवा नेता मुस्तुफा , कांग्रेस नेता आदर्श कुमार साह, जिला महासचिव तौसीफ अंजार, सोशल मीडिया अध्यक्ष मो सहजाद, युवा कांग्रेस नेता अजहर अंजुम सहित कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे.

## नवजात बच्चों की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह का पदार्फाश, तीन महिला सहित चार गिरफ्तार

**उत्तम सिंह संवाददाता दैनिक समाज जागरण सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)**

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) व माटीगाड़ा थाना की सादे पोशाक की पुलिस ने नवजात बच्चों की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें से तीन महिला और एक पुरूष शामिल है। आरोपियों के नाम प्रभा देवी, बीना देवी, गौरी बहादूर छेत्री और प्रतिक देवनाथ है। प्रतिक देवनाथ और गौरी बहादूर छेत्री पति पत्नी है। इस दौरान 7 दिन की एक नवजात बच्ची को भी बरामद किया गया है। नवजात बच्ची को पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के निर्देश पर उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती किया है।

बच्ची स्वस्थ बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रभा देवी बिहार के पटना की रहने वाली है। वहीं, बीना देवी और दंपति गौरी और प्रतीक सिलीगुड़ी के निवासी है। बताया गया है कि गौरी और प्रतीक ऐसे जोड़े की तलाश करते थे। जिन्हें बच्चे की चाहत होती थी। तलाश पूरी होने के बाद ये बिना देवी से संपर्क करते और नवजात बच्चे का ऑर्डर देते थे। इधर, ऑर्डर और एडवांस मिलने के बाद बिना देवी बिहार में अपने नेटवर्क को सक्रिय करती थी।

यह नेटवर्क खासकर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को पैसे का लालच देकर अपने झांसे में लेते और फिर जन्म से पहले ही गर्भ में पलने



वाले बच्चे को खरीद लेते थे। इधर, जन्म होने के एक सप्ताह के अंदर बिना देवी बच्चे को गौरी और प्रतिक के हाथों सौंप देती। इसके बाद गौरी और प्रतिक बच्चे को लाखों रुपये में बिक्री कर देते थे। लेकिन आखिरकार यह गिरोह पुलिस के चंगुल में फंस ही गया। दरअसल, बीते कल आरोपी प्रभा देवी नवजात को लेकर उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के पास खड़ी किसी का इंतजार कर रही थी। इसकी सूचना मिलते ही एसओजी ने माटीगाड़ा थाना की पुलिस के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के पास अभियान चलाया। इस दौरान प्रभा देवी से बच्चे के विषय में पूछताछ की गयी। लेकिन संदेह के आधार पर पुलिस ने प्रभा देवी को कड़ी पूछताछ के लिए थाना ले आयी। जिसके बाद पूरा मामला साफ हुआ। इस दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त 7 दिन की नवजात बच्ची को 6 लाख रुपए में बिक्री किया जाना था। बताया गया है कि आगे की जांच डीडी को सौंप दी गयी है। डीडी के एसीपी राजेन छेत्री के नेतृत्व में पूरी घटना की गहन जांच शुरू की जा चुकी है।

इस बीच रविवार सभी आरोपियों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।इस संबंध में एडीसीपी शुवेंद्र कुमार ने बताया कि एसओजी व माटीगाड़ा थाना की सादे पोशाक की पुलिस ने बच्चा खरीद बिक्री गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक नवजात बच्चीं को भी बरामद किया गया है।

## मन की बात कार्यक्रम सीधा प्रशासन यूट्यूब के माध्यम से 99 वे संस्करण में मोदी जी ने कहा अंगदान के लिए जन भागीदारी जरूरी

वीरेंद्र चौहान दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। दिनांक 26 मार्च माह के चौथे रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू ट्यूब के माध्यम से किशनगंज नगर मंडल वार्ड संख्या-10 में बूथ संख्या-244,245 बूथ, भाजपा नगर अध्यक्ष कुमार विशाल उर्फ डब्बा भाई के नेतृत्व में दिलावरगंज दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सुना गया। मन की बात 99 वें संस्करण में मोदी जी कहा कि अंगदान के लिए जन भागीदारी होनी चाहिए ,अंगदान में डोमिसाइल नीति को खत्म कर एक नीति बनाई जा रही है । नवरात्रि की बधाई देते हुए मोदी जी ने बतलाया की नारी शक्ति की उपासना का यह पर्व हमें अहसास दिलाता है की नारी कमजोर नहीं है। सुरेखा यादव वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली लोको पायलट महिला है,हाल में ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म एलिफेंट व्हिस्पर्स की निमार्ता निर्देशक महिला ही थी । नागालैंड जैसे क्षेत्र में पहली बार महिला विधायक एवम् मंत्री बनी है तुर्की में एन डी आर एफ की जो टीम भेजी गई थी उसमें महिला रक्षक दल ने सराहनीय भूमिका निभाई है। शालीजा धामी पहली महिला वायु सेना की पायलट है। जो 3000 घंटे की उड़ान की योग्यता धारण करती है । सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भारत में अच्छा काम हो रहा है।पूना और दीव दो ऐसे शहर हैं जो मिसाल है।काशी तमिल संगम के तेज पर , सौराष्ट्र तमिल संगम का आयोजन किया जाएगा जो की हमारी



सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का काम करेगी । इसके साथ मोदी जी ने आगामी आने वाले त्योहार राम नवमी , रमजान माह , महावीर जयंती की शुभकामना व्यक्त की साथ ही महात्मा ज्योतिबा फूले जी की जयंती और बाबा भीम राव अंबेडकर जी की जयंती,मनाने के लिए आह्वान किया। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष पंकज कुमार साहा जिला महामंत्री राजेश कुमार गुप्ता ,जिला मीडया प्रभारी सह मन की बात जिला कार्यक्रम प्रभारी अधिवक्ता जय किशन प्रसाद कुशवाहा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मिथिलेश मिश्रा , शक्ति केन्द्र प्रमुख अधिवक्ता मिथलेश मिश्रा,गौतम पोद्दार,पवन सिंह,शक्ति केन्द्र सह प्रमुख अरुण यादव,अशीत सिन्हा, अधिवक्ता भास्कर मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष संकर गुप्ता, नगर मंत्री मनोज तिवारी,दीपेश कुमार झा,मुकेश कुमार राय,सैनिक प्रकोष्ट से हरि किशोर साह, बिश्वजीत कुमार, बूथ अध्यक्ष गादू बोशाक, दिलीप कुमार चौहान,संदीप सोनार,सुनील केशरी,हरण लाल दास, कृष्ण कुमार,सुग्रिम चौहान ,भाजपा कार्यकर्ता विद्यानंद यादव , कन्हैया लाल,रवि दास , फागू लाल ,कौशल मोदक,संदीप कुमार,महेन्द्र महतो,गोपाल कुमार,लछमन साह, पंडित मनोहर कुमार झा,बैजनाथ प्रसाद, अर्जुन कुमार,मनोज जैन,किशोर कुमार केशव,संजय कुमार सिंहा, रवि कुमार दास,कल्याण कुमार बोस सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामपुर खुर्द पंचायत के लक्ष्मणबाग फूलवाड़िया में घरेलू विवाद में दो भाइयों ने मिलकर अपने ही सगे भाई को जिंदा जलाने को लेकर बदन पर गर्म तेल उलझ दिया

**दैनिक समाज जागरण निबराज आलम**

रामपुर खुर्द पंचायत के लक्ष्मणबाग फूलवाड़िया में घरेलू विवाद में दो भाइयों ने मिलकर अपने ही सगे भाई को जिंदा जलाने को लेकर बदन पर गर्म तेल उलझ दिया जिससे एक भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं गंभीर रूप से जख्मी मिट्ठू साह ने बताया की संजय साह और रवि कुमार अचानक घर पर आ धमके और कहा कि धुएं से दीवाल गंदा




हुआ है उसे अभी साफ करो मैंने थोड़ी देर में साफ करने की बात कही यह सुनकर आग बबूला हो गया और जमकर मारपीट करने लगे उसके बाद चूल्हे पर रखे गर्म तेल को मेरे शरीर पर उलझ दिया। घायल मिट्ठू शाह नेआनन-फानन में मधुसुदनपुर थाना पहुंचकर दोनों भाइयों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई वहीं मधुसुदनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपित भाई को हिरासत में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है

## भागलपुर नगर निगम के वार्ड चार व रामपुर खुर्द समेत करीब एक दर्जन से ज्यादा पंचायत को जोड़ने वाली रेलवे पुल के रास्ते में अब भी भीषण जलजमाव की समस्या बनी हुई है।

**दैनिक समाज जागरण/निबराज आलम**

भागलपुर नगर निगम के वार्ड चार व रामपुर खुर्द समेत करीब एक दर्जन से ज्यादा पंचायत को जोड़ने वाली रेलवे पुल के रास्ते में अब भी भीषण जलजमाव की समस्या बनी हुई है। निगम के पार्षद समेत किसी भी अधिकारियों का इस ओर ध्यान नही है। यही एक मुख्य रास्ता है जिससे लाखों लोग रोजाना आवाजाही करते है।रामपुर खुर्द की ओर से नाले का पानी रेलवे पुल अंडर पास के भीतर प्रवेश कर रहा है,जिससे जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। कई गाड़ियां इस जलजमाव में फंसकर खराब हो गई है। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस सड़क से होकर आवाजाही करने में काफी परेशानी का





सामना करना पड़ता है विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानी होती है।आपको बता दें कि नाले की सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है।

## सपा का प्रतिनिधि मंडल मुरादाबाद की विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी के ग्राम पंडिया में पहुंचा

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार (पूर्व मंत्री) विधायक नगीना मनोज पारस के नेतृत्व में उक्त प्रतिनिधि मंडल मुरादाबाद की विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी के ग्राम पंडिया में पहुंचे जहां पर दलित समाज की छात्रा के साथ दुष्कर्म होने के बाद उसने आत्महत्या कर ली थी उच्च अधिकारियों एवं पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी उस संबंध में उसके पिताजी एवं चाचा से मिलकर पूर्ण जानकारी प्राप्त की जिसकी पूर्ण रिपोर्ट त्नपूर्व मंत्रीत्न विधायक माननीय मनोज



उक्त प्रतिनिधिमंडल के साथ जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर उनको सौंपेंगे एवं उ०प्र० विधानमंडल के अनु० जातियों/जनजातियों तथा विमुक्त जनजातियों संबंधी संयुक्त समिति की कमेटी के माध्यम से दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कराने की कोशिश करेंगे

इस मौके पर उनके साथ समाजवादी पार्टी मुरादाबाद निवर्तमान जिलाध्यक्ष डी पी यादव कुंदरकी के विधायक जियाउर्ररहमान बंर्क मौहम्मद फईम इमरान साहब विधायक बिलारी, वीर सिंह पूर्व सांसद, मुदस्सर खान निवर्तमान जिलामहासचिव समाजवादी पार्टी, श्री बृजलाल जाटव पूर्व पार्षद मुरादाबाद, असलम खान पूर्व चेयरमैन कुन्दरकी, मोहसिन खान जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा समाजवादी पार्टी, नाजिम सैफी, सलीम खान अरविंद चौधरी जी, खलील अहमद , आदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे

## पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना । नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने नगीना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार को उसकी 17 वर्षीय पुत्री




को स्कूल जाते समय बिजनौर कोतवाली क्षेत्र के गांव रशीदपुर गढ़ी निवासी उज्जवल व उसके एक मित्र अनुज ने पकड़ लिया और बहला फुसलाकर स्विफ्ट कार में बैठाकर जंगल ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर मारपीट कर रास्ते में छोड़कर भाग गये । पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित धारि 363/376/323 व 506 में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित युवती को मेडिकल के लिए भेजकर घटना के एक आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर लिया है।

## गौतमपुर में हुआ होली मिलन समारोह

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना में किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरित सिंह के निज आवास गौतमपुर में होली मिलन समारोह में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास निगम के अध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं जिसमें सभी धर्मों के लोग जात पात से ऊपर उठकर मानवता की मिसाल पेश करते हैं।



किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरित सिंह के आवास गौतमपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे पूर्व भाजपा विधायक दादा तेजभान सिंह ने कहा कि समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए ऐसे सामाजिक कार्यक्रम होने ही चाहिए पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मटियारी भाजपा नेता विजय किशोर त्रिपाठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह सेवानिवृत्त सीएमओ गोरखपुर राज नारायण मिश्रा प्रमुख प्रतिनिधि मुसाफिरखाना दिनेश प्रताप सिंह पप्पू पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम लखन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने होली मिलन समारोह में मौजूदगी दर्ज कराई कार्यक्रम में कवियों एवं साहित्यकार ने विद्वता का परिचय दिया कवि शंभू नाथ पाठक भोला नाथ पाठक शंभूनाथ शुक्ला सहित अन्य स्थानीय कवियों ने काव्य पाठ कर समारोह में मौजूद लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम के अंत में आयोजक किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरित सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## हिंगलाज धाम पर कन्या भोज आयोजित

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना में चैत्र नवरात्र के पंचम दिवस रविवार को दादरा स्थित माँ हिंगलाज धाम पर कन्या भोज आयोजित किया गया जिसमे मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने भी कन्या भोज का प्रसाद ग्रहण किया।



गौरतलब हो कि मुसाफिरखाना में इलाहाबाद बैंक के शाखा प्रबंधक रहे उन्नाव जिले के निवासी संजय सिंह द्वारा प्रत्येक वर्ष नवरात्र में दादरा स्थित देवी हिंगलाज धाम पर कन्या भोज का आयोजन किया जाता है उसी परंपरा के तहत रविवार को मंदिर परिसर में कन्याभोज आयोजित हुआ भोज प्रारंभ होने से पहले संजय सिंह सपत्नी द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम विधिविधान से किया गया इस मौके पर मंदिर में देवी मां के भजन और आरती का कार्यक्रम भी चला कन्या भोज में क्षेत्र की कन्याओं के साथ श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया उक्त मौके पर कृपाशंकर सिंह अंजनी कुमार श्रीवास्तव सर्वेश सिंह जितेंद्र सिंह प्रशांत लालजी मिश्रा विजय सिंह रवींद्र तिवारी राकेश तिवारी पवन सिंह जय सिंह भरत सिंह धर्मेंद्र सिंह विपुल सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया पैदल गस्त।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा



गौरीगंज में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई ।

## गुलदार ने एक बार फिर बछड़े को अपना निवाला

**समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। आदमखोर गुलदार के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं, नगीना। आदमखोर गुलदार के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं, गुलदार ने एक बार फिर बछड़े को अपना निवाला बना लिया जिससे ग्रामीणों में दहशत फैली है लेकिन वन विभाग खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर रहा है।

थाना बढ़ापुर क्षेत्र हरेवली मार्ग स्थित ग्राम किशनपुर कुंडा निवासी धर्मवीर सिंह की पशुशाला में शनिवार की देर रात आदमखोर गुलदार घुसाया आया और वहां बंधे बछड़े पर हमला कर अपना निवाला बना लिया इसी बीच आहट होने पर धर्मवीर के परिजनों की आंख खुल गई उनके शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया धर्मवीर सिंह बुरी तरह से घायल मृत बछड़े को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने रात के समय वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर गांव में गुलदार होने और बछड़े को हमला कर मौत के घाट उतार देने की सूचना दी सूचना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी वन विभाग का एक भी अधिकारी कर्मचारी किशनपुर कुंडा नहीं पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही के चलते ग्राम वासियों में आक्रोश फैला है। ग्रामीणों ने उच्च अधकारियों से



क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे गुलदार को पकड़वाने और लापरवाह वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैली है लेकिन वन विभाग खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर रहा है।

थाना बढ़ापुर क्षेत्र हरेवली मार्ग स्थित ग्राम किशनपुर कुंडा निवासी धर्मवीर सिंह की पशुशाला में शनिवार की देर रात आदमखोर गुलदार घुसाया आया और वहां बंधे बछड़े पर हमला कर अपना निवाला बना लिया इसी बीच आहट होने पर धर्मवीर के परिजनों की आंख खुल गई उनके शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया धर्मवीर सिंह बुरी तरह से घायल मृत बछड़े को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने रात के समय वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर गांव में गुलदार होने और बछड़े को हमला कर मौत के घाट उतार देने की सूचना दी सूचना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी वन विभाग का एक भी अधिकारी कर्मचारी किशनपुर कुंडा नहीं पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही के चलते ग्राम वासियों में आक्रोश फैला है। ग्रामीणों ने उच्च अधकारियों से क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे गुलदार को पकड़वाने और लापरवाह वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कोई आयोजित

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन के जिला अध्यक्ष सत्य काम विश्नोई की अध्यक्षता एवं राजन टंडन गोल्डी प्रदेश मंत्री के संचालन में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह मैं एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में हाजी साजिद हुसैन, क्षेत्रीय मंत्री प्रशांत गुप्ता, जिला संयुक्त महामंत्री तस्लीम अहमद, शोभित मित्तल जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, आशा सिद्दीकी, रुकैया अंसारी, उदय, जिला संगठन मंत्री हितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल जी ने लघु उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शुभम अग्रवाल



और लवी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता प्रदान करते हुए लवि अग्रवाल को संगठन का प्रदेश सह प्रभारी मनोनीत किया। प्रदेश महामंत्री ने लवी अग्रवाल को प्रदेश प्रभारी मनोनीत करते हुए कहा कि लवि अग्रवाल के मनोनयन से संगठन गति मिलेगी। बैठक में विपिन राज चौहान नगर प्रभारी, नवाब नजीबद्दौला मार्केट के अध्यक्ष पद पर मोहम्मद शाकिर व महामंत्री पद पर मोहम्मद आजाद को मनोनीत किया गया। बैठक में ललित पाल, नगर उपाध्यक्ष युवा मुकेश अग्रवाल, संगठन मंत्री पंडित राकेश कौशिक, जिला संगठन मंत्री अनुज अग्रवाल, उपाध्यक्ष जहांगीर खान, मंत्री दानिश अंसारी, उपाध्यक्ष रवि वर्मा, हुमा जहांगीर खान, महिला मंत्री गजाला फैसल खान, शुभम ग्रोवर आदि सहित नगर के सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर आस्था का केंद्र बना हिंगलाज धाम दादरा गांव स्थित पौराणिक मंदिर हिंगलाज धाम पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना क्षेत्र के दादरा गांव गोमती नदी के छोर पर स्थित पौराणिक मंदिर मां हिंगलाज धाम पर दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ आस्था का केंद्र बन गया है लोगों की मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से मन्नते मांगते हैं उनकी मुरादे माता रानी पूर्ण करती हैं।

पौराणिक मंदिर मां हिंगलाज धाम की मान्यता है कि मुगल शासन काल के दौरान क्षेत्र में महामारी बीमारी का दौर चल रहा था इससे निजात दिलाने के लिए संत बाबा पुरुषोत्तम दास हिंगल पर्वत पर जाकर जो वर्तमान समय में पाकिस्तान में स्थित है संत ने मां हिंगलाज की घोर तपस्या की संत की तपस्या से प्रसन्न होकर माता ने उन्हें दर्शन देकर पूछा क्या चाहते हो संत ने क्षेत्र में फैली महामारी बीमारी से निजात दिलाने के लिए साथ चलने को कहा माता रानी ने संत की अनुनय विनय के उपरांत शर्त के अनुसार चलने को तैयार हुई मां हिंगलाज ने कहा कि तुम मेरी पायल की आवाज सुनकर आगे आगे चलो पीछे मुड़कर मत देखना अन्यथा मैं वहां से आगे नहीं जाऊंगी संत बाबा पुरुषोत्तम दास माता रानी की पायल की आवाज सुनकर आगे आगे चल पड़े जनपद के तिलोई तहसील स्थित




अहोरवा पहुंचने पर घना जंगल देख मां हिंगलाज वही विश्राम करने के लिए रुक गयी कुछ दूर आगे आने पर संत को माता रानी की पायल की आवाज न सुनाई पड़ने से संत ने पीछे मुड़कर देखा तो माता रानी चली आ रही थी मां ने कहा शर्त के अनुसार अब हम आगे नहीं जा सकती यहीं पर वास करूंगी संत बाबा पुरुषोत्तम दास की बहुत अनुनय विनय के उपरांत माता रानी ने उन्हें अपना खड़ाऊ व त्रिशूल देकर कहा कि उत्तर दिशा गोमती नदी की छोर पर मंदिर का निर्माण कर मेरा खड़ाऊ व त्रिशूल स्थापित कर पूजा अर्चना करो सारे कष्टों से निजात मिलेगी संत बाबा पुरुषोत्तम दास जी माता रानी के खड़ाऊ व त्रिशूल को दादरा गांव गोमती नदी की छोर पर स्थापित कर पूजा अर्चना करने लगे मंदिर के पुजारी का कहना है कि मंगलवार के दिन हिंगलाज धाम पर मेला लगता है श्रद्धालु दूरदराज से आकर माता रानी की पूजा अर्चना कर मन्नते मांगते हैं उनकी मुरादें माता रानी पूर्ण करती हैं नवरात्र के अवसर पर प्रातः काल से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है लोग माता रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाते हैं एवं मन्नते मांगते हैं माता रानी अपने सभी भक्तों की मुरादें पूर्ण करती हैं मंदिर की देखरेख की व्यवस्था में शेष राम मिश्रा संजय मिश्रा पूर्व प्रधान कृपाशंकर सिंह अंजनी श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव सर्वेश सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहता है।

## अमेठी महोत्सव-2023 के दूसरे दिन हुए विविध कार्यक्रम।

***मा. राज्यमंत्री श्री गिरीश चन्द्र यादव ने महोत्सव में टूलकिट व लैपटॉप का किया वितरण।***

***महोत्सव में सूचना विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी।***

***महोत्सव में फूड जोन, शॉपिंग जोन, सेल्फी प्वाइंट रहे आकर्षण का केंद्र।***

***अब्दुल सत्तार गजल, अशोक महाराज नटवरी कला कथक व चंदन तिवारी द्वारा भोजपुरी लोकगायन की दी गई मनमोहक प्रस्तुति।***

***दूसरे दिन भारी संख्या में जन सामान्य महोत्सव में पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों का उठाया लुफ्त।***

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी श्री रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड गौरीगंज में आयोजित अमेठी महोत्सव-2023 के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महोत्सव में दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में मा. राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत 40 लाभार्थियों को टूलकिट तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड अन्तर्गत 7 बच्चों को लैपटॉप का वितरण किया। इस अवसर पर मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। वही महोत्सव में फूड जोन, सेल्फी पाइंट, शॉपिंग जोन, विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे जिनका जन सामान्य ने भरपूर



पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी सहित अन्य मा. जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। वही महोत्सव में आए लोगों ने खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में खादी से बने उत्पादों एवं अन्य उत्पादों की जमकर खरीदारी की एवं प्रदर्शनी का लुफ्त उठाया। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि खादी प्रदर्शनी में अब तक स्टाल धारकों द्वारा रुपए 661647 की बिक्री की जा चुकी है। इसके साथ ही महोत्सव में आये कलाकार अब्दुल सत्तार द्वारा गजल, अशोक महाराज एवं टीम द्वारा नटवरी कला कथक, चंदन तिवारी एवं टीम द्वारा भोजपुरी लोक गायन तथा लुफ्त उठाया। महोत्सव में आए हुए जन सामान्य को सूचना विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार साहित्य का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रमेश सिंह ने किया। महोत्सव में जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दुबे, शिक्षाविद जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी "मनीषी", पर्यटन सूचना अधिकारी मोहम्मद मकबूल, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र आराधना राज सहित अन्य संबंधित अधिकारी, मीडिया बन्धु व भारी संख्या में जन सामान्य मौजूद रहे।

## सावधान! वॉट्सएप पर बिछा ठगी का नया जाल, जरा सी चूक और अकाउंट से उड़ जायेंगे पैसे

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़। इन दिनों साइबर ठगी की वारदातों से नागरिकों में दहशत व्याप्त है।आए दिन किसी भी व्यक्ति के निजी वाट्सएप तथा नये नये तरीके से ओर जानकारों व परिजनों से अज्ञात साइबर ठग की और से रुपए मांगने की घटना से आमजन परेशान है। जानकारी अनुसार इंटरनेट एवं मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से सभी कार्य संपादित किए जा रहे हैं इंटरनेट और मोबाइल नेट के द्वारा कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से हो जाते हैं अब लोग पूर्ण रूप से इंटरनेट पर निर्भर हो चुके हैं इसलिए साइबर अपराधी भी तकनीक के माध्यम से हाईटेक हो चुके है साइबर अपराधों की बाढ़ सी आ गई है साइबर क्राइम ऐसी क्रिमिनल एक्टिविटीज है जिससे कंप्यूटर नेटवर्क डिवाइस नेटवर्क व मोबाइल नेटवर्क के जरिए ठगी की जाती है साइबर अपराधी इसके जरिए प्राइवेसी चुराकर खातों से पैसे तक उड़ा जा रहे हैं डाटा हैंगिंग, फिशिंग, मेल,ओटीपी फ्रॉड,मोबाइल फ्राड, सेक्सटॉर्शन जैसे अपराध जिन्हें साइबर अपराधी आसानी से अंजाम दे रहे है। इसी साइबर अपराध के चलते क्षेत्र के दर्जनों लोग विभिन्न माध्यम से साइबर अपराधियों के हाथों ठगी का शिकार हो चुके है। नगर के एक प्रतिष्ठित सीमेंट व्यापारी ऑनलाइन सीमेंट बेचने के चक्कर में ₹174000 गंवा बैठा नगर का ही एक सरिया व्यापारी ऑनलाइन




सरिया बेचने के चक्कर में ₹97000 गंवा बैठा ,इसी प्रकार नगर निवासी मोहम्मद मोहसिन पुत्र अहमद रजा के खाते से ठगों द्वारा ₹49000 ट्रांसफर करा लिए।, स्थानीय थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी के खाते से 96497 रूपए ट्रांसफर कर लिए गए, कासमपुरगढ़ी निवासी कारी मोहम्मद इकरार के व्हाट्सएप की फर्जी आईडी बनाकर उनके रिश्तेदारों और दोस्तों को लगभग 14 हजार रुपए ठग लिए गए, मानियावाला बस स्टैंड निवासी कारी मोहम्मद आलम के व्हाट्सएप की आईडी बनाकर कई लोगों से पैसे मांगने का प्रयास किया गया लेकिन वक्त रहते कारी मोहम्मद आलम है व्हाट्सएप स्टेटस के माध्यम से सभी को सचेत कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम महावतपुर निवासी दो महिलाओं संजीता व अनूपमा से महिला समूह द्वारा लोन दिलाने के नाम पर 15 हजार रुपए दोनों महिलाओं के खातों में ट्रांसफर करा लिए गए इसी प्रकार कई अन्य लोग साइबर अपराधियों के हाथों ठगे जा रहे है बैंक अधिकारियों तथा पुलिस के द्वारा विभिन्न माध्यमों से क्षेत्र की जनता को सचेत भी किया जा रहा है कि वह अपने इंटरनेट बैंकिंग यूजर पासवर्ड अकाउंट पासवर्ड प्राइवेसी सिक्योरिटी पासवर्ड तथा ओटीपी ना बताएं। लोन दिलाने या लाटरी आदि के लालच में आकर ठगी का शिकार होने से बचे। ठगी का शिकार हुए कई लोगों द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद भी कोई नतीजा नहीं निकल रहा है, क्योंकि सुरक्षा और जांच एजेंसियों के लिए साईबर अपराध समस्या का सबब तथा चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है।

## द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड में राधेश्याम मोरारका की 100वीं जयन्ती पर रक्तदान तथा दिव्यांग शिविर का आयोजन

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - द्वारिकेश शुगर मिल्स इंडस्ट्रीज के संस्थापक राधेश्याम मोरारका की 100वीं जयन्ती पर रक्तदान शिविर तथा दिव्यांग शिविर का आयोजन हुआ द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (वर्क्स), एन. के. खेतान ने बताया कि 26 मार्च 23 को द्वारिकेश शुगर्स की दोनों इकाईयों में राधेश्याम मोरारका की 100वीं जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान की दोनों इकाईयों बुन्दकी एवं अफजलगढ़ में राधेश्याम मोरारका को संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात बीते 20 मार्च को निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का आयोजन किया गया था एवं आज रविवार को निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर में आये लगभग 240 दिव्यांग



भाई / बहनों को पूरे सम्मान के साथ उनकी आवश्यकतानुसार 60 ट्राईसाईकिल, 10 व्हील चेयर्स, 15 केलिपर्स, 15 कान की मशीन, 21 वैकल्पिक पैर, 76 वैशाखी, 10 ट्राईपोड 20 छडी प्रदान की गई। साथ ही संस्थान की दोनों इकाइयों में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया था जिसमें दोनों इकाईयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़चढ़कर समाज के हित में रक्तदान किया गया। बुन्दकी इकाई में 100, अफजलगढ़ इकाई 56 युनिट रक्तदान किया गया। स्मरण हो कि संस्था के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन, गौतम आर. मोरारका अपने पुज्य पिताजी राधेश्याम मोरारका जी के मार्गदर्शन को अपनाकर सदैव समाज हित में अपना योगदान देते रहें हैं और उनका प्रथम प्रयास रहा है कि उनके द्वारा कृषक हित, समाज हित प्रदेश एवं देश हित में अपने कर्तव्यों को पालन प्राथमिकता के आधार पर किया गया।

## पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजनांतर्गत 2 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहन को मा. जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

***पशुपालक टोल फ्री नंबर-1962 पर कॉल कर सेवाओं का लाभ लें।***

***आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था प्रातः 10:00 से सांय 8:00 तक उपलब्ध होगी।***

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत पशुधन को पशुपालक के द्वार पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज लखनऊ से रु. 201 करोड़ की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहन का फ्लैग ऑफ एवं टोल फ्री हेल्पलाइन-1962 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। इस दौरान मा. अध्यक्ष जिला पंचायत श्री राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह सहित अन्य पशु चिकित्सक मौजूद रहे। सजीव प्रसारण के उपरांत मा. जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने कलेक्टर परिसर से 2 मोबाइल वेटरनरी वाहन को हरी झंडी दिखाकर पशुपालकों




की सेवा हेतु रवाना किया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त योजना अंतर्गत जनपद अमेठी को 7 मोबाइल वेटरनरी वाहन प्राप्त होंगे, जिसमें से तीन वाहन पशुपालन विभाग द्वारा तय रूट पर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे यह वाहन प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विभिन्न ग्रामों में रुक कर निर्धारित पंजीकरण शुल्क (छोटे पशु रु. 2, बड़े पशु रु.5 कुत्ता रु.10) लेकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे। शेष 4 वाहन चारों तहसील पर उपस्थित रहकर आकस्मिक चिकित्सा उपलब्ध कराएंगे। आकस्मिक चिकित्सा हेतु पशुपालकों को टोल फ्री नंबर-1962 पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करवानी होगी। आकस्मिक चिकित्सा प्रातः 10:00 बजे से सांय 8:00 बजे तक उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मोबाइल वेटरनरी वाहन पर एक पशु चिकित्सक, एक पैरावेट स्टाफ एवं एक वाहन चालक तैनात रहेगा। जनपद में इन वाहनों का संचालन इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज नामक संस्था द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी एवं वाहनों में तैनात कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा जायस में किया गया पैदल गस्त ।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण



बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा जायस में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई ।

## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत थाना जगदीशपुर एवं महिला थाना गौरीगंज द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा कस्बा गौरीगंज में विद्यालयों के आसपास एवं थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा कस्बा जगदीशपुर एवं आसपास के गांवों में महिलाओं/बालिकाओं को



1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइङ्क, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । महिलाओ/बालिकाओं को महिला संबन्धी होने वाले अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ-साथ एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया इस दौरान एन्टी रोमियो टीम द्वारा संदिग्ध मनचलों की चेकिंग भी की गयी ।

## पिसान गोल्ड चक्की आटा मिल का पुरेंद्र ने किया उद्घाटन, शामिल हुए गणमान्य

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 26 मार्च 2023:झारखंड के सॉफ्ट डाटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में कांड्रा- सरायकेला मुख्य मार्ग पर मुड़िया में पिसान गोल्ड चक्की आटा फ्लॉवर मिल का उद्घाटन बसंती दुर्गा पूजा के पंचमी के मौके पर आदित्यपुर के नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, राम पारस राय, दशई राय ने संयुक्त रूप से गणमान्यों की उपस्थिति में किया.



फ्लॉवर मिल के प्रोपराइटर वीरेंद्र कुमार सिंह यादव ने बताया कि यहां मध्य प्रदेश के फाइबर युक्त गेहूं का फुल्ली ऑटोमेटिक विधि से पिसाई एवं पैकेजिंग कर खुले बाजार में 1 किलोग्राम से लेकर 50 किलोग्राम के पैकेट में कंपनी के आउटलेट में उपलब्ध कराया जाएगा. इस पूरी प्रक्रिया में कहीं भी मानवीय स्पर्श नहीं होगा. इस तरह ऑटोमेटिक विधि से निर्मित चक्की आटा आमलोगों को पूर्ण शुद्धता से प्राप्त होगा.

मौके पर यादव समन्वय के अध्यक्ष अजीत कुमार, देवाशीष दत्ता, कांग्रेस नेता राज किशोर यादव, राजद के सचिव देव प्रकाश देवता और राजेश कुमार यादव, समन्वय समिति के कोषाध्यक्ष इंजीनियर उमेश प्रसाद यादव, आदित्यपुर विकास समिति के संरक्षक सत्य प्रकाश, पार्षद अजय सिंह, अधिवक्ता संजय कुमार, रविंद्र यादव, डॉ एस के रत्नाकर, आर एन प्रसाद आदि मौजूद रहे.

## गम्हरिया पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सड़क निर्माण करने की मांग की गई

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) छोटा गम्हरिया पंचायत के केरला पब्लिक विद्यालय से कोलाबीरा तक 5.67 किलोमीटर सड़क को ग्रामीण विकास कार्य विभाग द्वारा निविदा संख्या 79/2019 का कार्य पूर्ण होने के बाद भी 1500 फीट सड़क निर्माण कार्य के लिए अतिरिक्त बच रहा है ।

इससे बाल्मीकि नगर से लेकर गैस गोदाम तक सड़क के ऊपर सड़क ढलाई की गई और आगे भी निर्माण कार्य जारी है । लगभग एक सप्ताह पहले पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर दिया गया था पत्र में लिखा गया था कि जिस सड़क की ढलाई हो रही है इसके साथ जुड़ें हुए कई ऐसे कच्चे सड़क हैं जिसकी ढलाई करना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए पूर्व में भी उप विकास आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी को जनप्रतिनिधियों एवं यहां के स्थानीय लोगों के द्वारा दिया गया है । परंतु इसको लेकर अभी तक विभाग के किसी भी अधिकारी पड़ताल करने से नदारद रहे। सड़क की चौड़ाई लगभग 30 से 35 फीट है और इस पर एकतरफा ढलाई की गई है ।

इस तरह विभाग की मनमानी और सरकारी पैसों के दुरूपयोग को लेकर पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह ने उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही।

## जिला सम्मेलन की सफलता हेतु कानू समाज का बैठक 28 मार्च को

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 26 मार्च 2023 :- झारखंड कानू संघ के प्रखंड इकाई



की बैठक आगामी 28 मार्च को रेहला स्थित सुमित्रा आईटीआई के सभागार में होगा.इसकी जानकारी संघ के पश्चमी भाग के पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी साहू ने दी.उन्होंने कहा कि बैठक में आगामी 23 अप्रैल को प्रस्तावित मेदिनीनगर जीएलए कॉलेज के बगल में स्थित वैली स्कूल में जिला स्तरीय सम्मेलन की सफलता पर चर्चा होगा.श्री साहू ने कानू समाज के लोगो को बैठक में आने का आह्वान किया है.

## रामनवमी पर्व को ले रेहला थाना में शांति समिति की हुयी बैठक, सरकारी गाइडलाइन से मनाने का निर्णय

**समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड़ संवाददात्ता, विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) 26 मार्च 2023 :- रामनवमी पर्व को लेकर रेहला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुयी.बैठक में सरकारी गाइड लाइन के अनुसार शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया.बैठक की अध्यक्षता विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार व संचालन प्रो. नंदलाल शुक्ला ने किया.एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि जुलूस के दौरान कोई भी गड़बड़ी न हो इसके लिए पूजा कमेटी व स्थानीय लोगों को पुलिस का सहयोग करना चाहिये.पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी.बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों से सरकार की ओर से जारी निर्देश तथा पहले से तय मार्गों से ही जुलूस निकालने की अपील की.बैठक में बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम,पुलिस निरीक्षक अजय कुमार,रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक,वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे,एएसआई रामचंद्र चौधरी,प्रखंड़ प्रमुख रंभा कुमारी,नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम,पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान,सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय,ललन चौबे,आलोक शुक्ला,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एमामुल हक गुड्डू,निवर्तमान वार्ड पार्षद नजमुद्दीन नूरी,नरेंद्र राम गुड्डू,संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले,युवा समाजसेवी ज्वाला गुप्ता,समाजसेवी पिंटू चौधरी,रविशंकर चौबे,दिनेश शुक्ला,मुखिया राधाकृष्ण साव,मखिरण तिवारी,गोरख पांडेय,डॉ अलाउद्दीन अंसारी,डॉ डी पी शुक्ला,कृष्ण मुरारी सिंह,डॉ बी पी शुक्ला,गुलामनबी अंसारी,संजय महतो,भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी,मनोज शुक्ला,किशोर कुमार,मजमुद्दीन अंसारी,सचिदानंद तिवारी सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे.

## सड़क परिवहन मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर व्हीकल कानून में संशोधन का नोटीफिकेशन जारी किया है.

*सरकार का यह नया आदेश 1 अप्रैल, 2023 से होगा लागू।*

**धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफस झारखंड (प्रदेश)**

रांची( झारखंड) 26 मार्च 2023 : वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने 15 साल पुराने सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग अनिवार्य कर दी है। सरकार के इस फैसले के चलते 15 साल से पुराने सभी सरकारी वाहनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से रद्द कर दिया जाएगा. सड़क परिवहन मंत्रालय ने सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. सरकार का यह नया आदेश 1 अप्रैल 2023 से लागू होगा।

केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन की अधिसूचना सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी की गई है। इसके तहत अब 15 साल पुराने वाहन सड़क पर नहीं चल सकेंगे। ऐसे सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से रद्द कर दिया जाएगा। जिन वाहनों का रजिस्ट्रेशन रिन्यू हो गया है उन्हें भी स्वतः रद्द माना जाएगा। ऐसे सभी वाहनों का निस्तारण पंजीकृत कबाड़ केंद्र से ही करना होगा।

सरकार के आदेश के मुताबिक 15 साल पुराने सभी वाहनों को केंद्र, राज्य, केंद्र शासित प्रदेशों, निगमों, राज्य परिवहन, पीएसयू के उपक्रम, सरकारी स्वायत्त संस्थानों के साथ कबाड़ करना होगा। इसमें सेना के वाहन शामिल नहीं हैं। केंद्र सरकार ने पिछले साल नवंबर में ही इस संबंध में राज्यों से मंजूरी मांगी थी। सड़क परिवहन मंत्रालय ने राज्यों से हरी झंडी मिलने के बाद यह आदेश जारी किया है।

## भगवान सिंह, मानगो गुरुद्वारा के तीसरी बार प्रधान बने, बनायी हैट्रिक

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । सीजीपीसी के मौजूदा प्रधान सरदार भगवान सिंह मानगो गुरुद्वारा के प्रधान पद पर रहने की हैट्रिक बनाते हुए लगातार तीसरी बार भी इस गुरुद्वारा का प्रधान सर्वसम्मति से चुन लिये गये हैं. रविवार को मानगो गुरुद्वारा में आम सभा बुलायी गई थी. जिसमें भगवान सिंह को तीसरी बार मानगो गुरुद्वारा का प्रधान चुना गया. आनंद साहिब के पाठ के बाद श्रीगुरुग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास कर अगले तीन साल के लिए प्रधान बनाने की घोषणा की गई. इससे पूर्व गुरुनानक स्कूल व गुरुद्वारा कमेटी के कार्यों का लेखा जोखा आम सभा में पेश किया गया. जिसमें स्कूल के सचिव संतोख सिंह और गुरुद्वारा के महासचिव जसवंत सिंह जास्सू ने गुरुद्वारा और सिख समाज की भलाई के लिए किए कार्यों का हिसाब दिया. आयोजित आमसभा में चेयरमैन राजेंद्र सिंह भाटिया ने भगवान सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे आम सभा में उपस्थित सदस्यों ने जयकारों के साथ भगवान सिंह के नाम पर मुहर लगा दी.

**सीजीपीसी के चेयरमैन समेत अन्य ने किया स्वागत**

बोले सो निहाल के उद्घोष के साथ भगवान सिंह को सरोपा पहनाकर अगले तीन साल के लिए फिर प्रधान चुन लिया गया. प्रधान बनने के बाद भगवान सिंह ने श्रीगुरुग्रंथ साहिब के



समक्ष संगत को विश्वास दिलाया कि जिस तरह से उन्होंने छह साल काम किया है आगे भी गुरु की सेवा में लगे रहेंगे. उन्होंने कहा कि जिस तरह से संगत ने उनपर विश्वास जताया है उसे वे शब्दों में बयान नहीं कर सकते. वे प्रधान के रूप में नहीं, मुख्य सेवादार की हैसियत से गुरुघर की सेवा करेंगे. प्रधान चुने जाने के बाद मानगो गुरुद्वारा में सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह व मंच सचिव अमरजीत सिंह भामरा गुरनाम सिंह बेदी और सुखदेव सिंह बिट्टू ने हुये उन्हें बधाई देते हुये उनका स्वागत किया.

**आम सभा की बैठक में यह रहे मौजूद**

आम सभा की बैठक में ट्रस्टी संता सिंह, किरपाल सिंह, प्रीतपाल सिंह के अलावा रक्षपाल सिंह, संतोख सिंह, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह जस्सू, सुखवंत सिंह सुखू , हीरा सिंह, हरविंदर सिंह, अवतार सिंह, हरदयाल सिंह, दर्शन सिंह, मलकीत सिंह, रवीन्द्र सिंह, हरविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह और हरजिंदर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे.

## जयप्रकाश उद्यान (नगर) निवासियों ने किया पुरेंद्र का अभिनंदन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 26 मार्च 2023:झ जयप्रकाश नगर (उद्यान) के निवासियों ने आज टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग से जयप्रकाश उद्यान (गेट नंबर- 1) से होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक सड़क निर्माण हेतु वन विभाग से एनओसी दिलाने में अहम भूमिका निभाने के लिए एवं सड़क निर्माण के लिए अथक प्रयास किए जाने को लेकर आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पूरेंद्र नारायण सिंह को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

ज्ञातव्य है कि वन प्रमंडल सरायकिला से सड़क निर्माण हेतु कुछ शर्तों के साथ अनापत्ति मिलने के उपरांत आदित्यपुर विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले दिनों आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त, सरायकेला- खरसावां श्री अरवा राजकमल से मिलकर डीएमएफटी फंड से सड़क निर्माण किए जाने की मांग की थी और तत संबंधी एक ज्ञापन भी सौंपा था '

उपायुक्त श्री अरवा राजकमल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के उपरांत कहा था कि उक्त सड़क के निर्माण में अत्यधिक फंड के आवश्यकता है' वर्तमान में जिला में डीएमएफटी फंड में मात्र लगभग 2 करोड़ रुपए ही हैं।

उपायुक्त ने प्रतिमंडल के समक्ष ही अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम से मोबाइल पर बातचीत की थी और उपरोक्त सड़क बनाने के संबंध में जानकारी मांगी थी '

अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम ने उपायुक्त महोदय से 15वें वित्त आयोग की राशि से आने वाले दिनों में उपरोक्त सड़क बनाने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही थी और स्वीकृति हेतु एचएलएमसी में भेजने की भी बात कही थी '

आज पुरेंद्र नारायण सिंह का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से शंभू प्रसाद यादव, राजेंद्र कुमार, प्रदीप प्रसाद, आशीष कुमार, सुबोध सिंह, अनुज कुमार मिश्रा, रामचंद्र पासवान, शशांक कुमार शामिल थे।

ज्ञातव्य है कि पुरेंद्र नारायण सिंह के अथक प्रयास से वन प्रमंडल पदाधिकारी, सरायकेला वन प्रमंडल ने पत्रांक- 402, दिनांक- 28.2. 2023 द्वारा कुछ शर्तों के साथ टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग से जयप्रकाश उद्यान (गेट नंबर- 1) से होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी।

पुरेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि शीघ्र ही जयप्रकाश उद्यान के निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल आदित्यपुर विकास समिति के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम से मिलेगा।

## उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम में शामिल हुए एयर इंडिया सर्विसेज के सीईओ।

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सरायकेला (झारखंड )26 मार्च 2023

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया. इसमें प्रबंधन विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर कुल 18 व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए. इस दौरान प्रबंधकों की निर्णय लेने की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रबंधन इनपुट के माध्यम से एमएसएमई की क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने की अपेक्षाओं को पूरा किया गया. समग्र विषयों का लाभ उठाने के लिए आधुनिक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई की स्थिरता को विस्तार से बताया गया.

एमएसएमई के अस्तित्व और विकास के लिए नवाचार की आवश्यकता पर चर्चा की गई. कार्यस्थल के तनाव को कम करने और कार्यबल की उत्पादकता में सुधार के लिए न्यूरो- भाषाई चिकित्सा के अनुप्रयोगों, जस्ट इन टाइम प्रथाओं के साथ प्रक्रिया की



अड़चन से बचने के पहलुओं पर भी चर्चा की गई. इसकी जानकारी एनआईटी के डायमंड जुबली हॉल के ऑडिटोरियम में संस्थान के निदेशक डॉ करुणेश कुमार शुक्ल एवं एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज के सीईओ रामबाबू सीएच ने दी.

**नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के लिए होगा समझौता**

यहां सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर (सीटीटीसी) उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) के माध्यम से नए उद्यमियों (स्टार्ट-अप) को प्रशिक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए एनआईटी जमशेदपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर सहमत हुए हैं. 5 अप्रैल को एनआईटी जमशेदपुर, एनआईटी राउरकेला, और वीएसएसटी बुर्ला, एनआईएएमटी रांची और टाटा स्टील्स लिमिटेड के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम के तहत क्लस्टर संगठन का हिस्सा बनेंगे. एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज के सीईओ रामबाबू सीएच ने छात्रों को उन्नत प्रबंधन के विषय पर संबोधित किया.

## भाजपा नेता अभय सिंह ने राम नवमी बिसर्जन जुलुस को लेकर जिला प्रशासन से किया पुर्नविचार करने का आग्रह

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । भाजपा नेता अभय सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी बिसर्जन जुलुस में मोटर साइकल स्टंट करने वाले के ऊपर कारवाई करने के निर्देश का स्वागत करते है यह जोखिम है किसी के जीवन से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लाइसेंस की जरूरत ही क्यों ? क्योंकि लाइसेंस में सारे वे बंधन है जो पूरे नही होते है । उन्होंने कहा कि फिल्मी गीत, फूहड़ गीत, अश्लील गीत न बजे अगर बजते हैं तो कारवाई होनी चाहिए। जल्दी विसर्जन हो यह प्रयास सबको करना चाहिए। शांति और सद्भाव के साथ यह पूजा संपन्न हो यह प्रशासन ही नही सबकी जिम्मेदारी है जिसे अखाड़ा समिति वालो को कठोरता के साथ पालन करना चाहिए। कोई भी व्यक्ति जुलूस में शराब पी कर वोलेंटियर न चले ये प्रशासन की जिम्मेदारी है जिसका स्वागत करता हूं। लेकिन ट्रेलर में कोई झांकी या कुछ चीजों पर प्रतिबंध करना उचित नहीं । देश में दो कानून उचित नहीं । हाल ही में 3 मार्च को टाटा स्टील द्वारा झांकी निकाली गई क्या तब वह जायज था ? 15 अगस्त में दिल्ली के परेड में निकाली जाती है क्या वह गलत है।

मैं जिला प्रशासन को जानकारी देना चाहता हूं कि पहले जमशेदपुर में बैल गाड़ियों से अखाड़ा जुलूस



निकाला जाता था और बैल गाड़ियों से झांकी बनाई जाती थी, बैल गाड़ियों की परंपरा अब खत्म हो गयी । कुछ दिन पूर्व तक छह छक्के ट्रक में झांकियां बनाई जाने लगी। अब जमशेदपुर में 6 चक्का ट्रक का अभाव है तब मजबूरन वर्तमान व्यवस्था में लोगों ने ट्रेलर में झांकी बनाना शुरू किया । अगर ट्रेलर में इतनी पाबंदी है तो यह शहर में भीड़भाड़ वाले जगह में ट्रेलर घुषणा ही नहीं चाहिए । यह परंपरा सबों के लिए करनी होगी। इस शहर में केवल ट्रैफिक व्यवस्था के कारण 6 वर्ष के अंदर लगभग 1000 लोग मारे गए उन पर अंकुश नहीं लगा और हिंदुओं की परंपरा पर अंकुश लगाना उचित नहीं है। डीजे बजे लेकिन उचित ध्वनि में बजे । यह सरकार बड़ी अजीब है जब भी हिंदुओ का त्योहार आता है तब ही यह परंपरा की दुहाई दी जाती है। सरकार को किसी भी शादी,ब्याह,फंक्शन में भी डीजे बजाने में प्रतिबंध लगा देना चाहिए। हिंदू नव वर्ष पूरे शांति के साथ निकल गया अब किसी भी ट्रेलर पर करवाई उचित नहीं है, इसपर प्रशासन पुनर्विचार करे। अभय सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में है। जब से झारखंड में सरकार बनी है अपने वोट बैंक की राजनीति करने के लिए दूसरे समुदाय को खुश करने के लिए जानबूझकर रामनवमी हो या दुर्गा पूजा इस पर एकतरफा कार्रवाई करने की बाध्यता पैदा करती है जो उचित नहीं। जिला प्रशासन इस बिंदु पर पुनर्विचार संवेदनशीलता के साथ करे जिस प्रकार दुगार्पूजा में शांति के साथ कार्य हुआ उसी प्रकार रामनवमी भी बीतेगा यह मेरा आश्वासन है। उन्होंने कहा कि यह शहर अच्छे कार्यों का समर्थन करेगी और कोई भी गलत करेगा, तो उसका लोकतांत्रिक ढंग से विरोध भी किया जायेगा।

## मानगो नगर निगम प्रशासन ने रविवार को फुटपाथी दुकानदारों के खिलाफ चलाया अभियान, दर्जनों दुकानों को किया जमींदोज

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । जिला प्रशासन के निर्देश पर मानगो नगर निगम प्रशासन ने रविवार को फुटपाथी दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया । इस दौरान दर्जनों दुकानों को निगम प्रशासन द्वारा जमींदोज कर दिया गया. इधर निगम प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में फुटपाथी दुकानदारों ने भी मोर्चा खोलते हुए विरोध शुरू कर दिया. इसकी सूचना धालभूम एसडीओ को दे दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक तनाव की स्थिति बनी हुई है। अहम सवाल यह उठता है कि एक तरफ शहर में वासंती नवरात्र एवं रमजान तथा रामनवमी पर्व को लेकर उत्सव का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन की ओर से इस तरह की कार्रवाई, आखिर किसके इशारे पर की जा रही है ? वैसे दूकान तोड़ने से पहले सभी



फुटपाथी दूकानदारो को मान गो पुल के समीप बने मंडी शेड में जाने को निर्देश दिया गया था, परन्तु वहां कोई जाने को तैयार नही हुए। अंत में जिला प्रशासन को कड़ा रुख अख्तियार करना पड़ा और पुलिस कि मौजूदगी में जबरन बुलडोजर चलाकर अबैध बसे फुटपाथी दुकानों को जमींदोज करने का अभियान रविवार को शाम के समय शुरू कर दिया गया, जो देर रात्रि तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि डिमना चौक से लेकर मानगो चौक तक दोनों तरफ के सड़क के बिचोबीच में पार्क बनाकर मानगो क्षेत्र का शौंदर्यकरण करने का काम किया जा रहा है।

## 3 अप्रैल को वॉलीबॉल के पितामह शेखर बॉस का जन्मदिन , वॉलीबॉल दिवस के रूप में मनाएगी जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़।

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो रिपोर्टस पाकुड़**

पाकुड़ (झारखंड) 26 मार्च 2023 : जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़ की बैठक संजय कुमार ओझा के अध्यक्षता में रेलवे मैदान पाकुड़ में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रुप से झारखंड वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष-सह-सचिव हिसाबी राय जिला वॉलीबॉल संघ के सह सचिव अनिकेत गोस्वामी, सुशील साहा मौजूद थे।

उक्त बैठक में बिहार-झारखंड वॉलीबॉल के पितामह श्री शेखर बॉस के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 3 अप्रैल को जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। झारखंड वॉलीबॉल संघ प्रत्येक वर्ष 3 अप्रैल को पूरे राज्य भर में हर्षोल्लास के साथ शेखर बॉस का जन्मदिन मनाती है। शेखर बॉस संयुक्त बिहार से पहले राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने अनेकों बार राज्य और राष्ट्रीय को वॉलीबॉल के क्षेत्र में विश्व भर में ख्याति दिलाई है।वर्तमान में शेखर बॉस वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच है तथा झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव हैं।वह राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के भी पदाधिकारी हैं। इन सारी उपलब्धियों के बावजूद पूरा झारखंड व बिहार प्रदेश उन्हें वॉलीबॉल के पितामह के रूप में जानती है। प्रत्येक वर्ष 3 अप्रैल को पूरे राज्य भर में वॉलीबॉल के खिलाड़ी उनके जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु होने लिए प्रार्थना करती है।मंदिरों में उनके नाम से पूजा-अचार्ना करवाती है। खिलाड़ी मैदान में उनके नाम पर केक काटते हैं। भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न तरीकों से इनका जन्म दिवस मनाती है।इस वर्ष भी झारखंड वॉलीबॉल संघ ने 3 अप्रैल को एक साथ पूरे राज्य भर में शेखर बॉस के जन्मदिन को वॉलीबॉल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।इसके उपरांत राज्य भर के सभी जिला संघ इकाइयां अपने-अपने जिला मुख्यालयों में 3 अप्रैल को वॉलीबॉल खेल की गतिविधियां आयोजित करेगी वॉलीबॉल ग्राउंड में ही केक काटकर पितामह से शेखर बॉस का जन्म दिवस मनाएगी।इस निमित्त जिला वॉलीबॉल संघ भी 3 अप्रैल को जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। इस जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिले भर से वॉलीबॉल खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे साथ ही पाकुड़ के विद्यालयों एवं संघ संस्थानों से भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

उक्त बैठक में उदय रॉय मुन्ना रविदास अभिषेक कुमार राहुल कुमार ओमप्रकाश नाथ अतूल कुमार,निर्भय सिंह पवन रविदास आदि खिलाड़ी मौजूद थे।

## गोड्डा में शहीद स्तंभ स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह

**धनंजय कुमार वैद्य**
**ब्यूरो चीफस झारखंड (प्रदेश)**

गोड्डा (झारखंड)26 मार्च 2023: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा शहीद सस्तंभ स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय सत्याग्रह से धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता खत्म होने के बाद से कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है। रविवार को कांग्रेस ने गोड्डा जिला मुख्यालय अंतर्गत शहीद स्थल पर गांधी जी के प्रतिमा के सामने सत्याग्रह आंदोलन किया, आंदोलन में विधायक श्री प्रदीप यादव, मुख्य रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश प्रसाद यादव जी कर रहे थे ।

कांग्रेस कार्यकताओं ने सबसे पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर नमन किया। उसके बाद सभी कांग्रेसी सत्याग्रह पर बैठे।

विधायक प्रदीप यादव ने कहा बीजेपी हर रोज लोकतंत्र की गला घोट रही है ।

मोदी जी के तानाशाह रवैया के कारण राहुल गांधी जी के ऊपर अनगिनत मामले दर्ज कराया गया है । आज विपक्ष को पूरी तरह खत्म करने की साजिश रची जा रही है लोकतंत्र का हत्या कर राजतंत्र का स्थापना करने की कोशिश मोदी सरकार के द्वारा किया जा रहा है ।

**सवाल बस एक है 20000 करोड़ किसके हैं ।स विधायक प्रदीप यादव**

नरेंद्र मोदी और अमित शाह जितनी ताकत लगा ले हम गांधी के विचारधारा के लोग हैं हम इस लोकतंत्र को कभी मिटने नहीं देंगे । जिस तरह साजिश के तहत राहुल गांधी जी का सदस्यता को खत्म कर एक प्रजातांत्रिक लोकतंत्र के ढांचे पर हमला किया गया है,हम कांग्रेसी कभी से बर्दाश्त नहीं कर सकते राहुल गांधी का सवाल था नरेंद्र मोदी जी से 20000 करो रुपए जो कॉर्पोरेट घराने को दिया गया है वह पैसा किसका है आखिर इन सवालों से बचना क्यों चाहती है नरेंद्र मोदी और अमित शाह जी, राहुल गांधी जी के सवालों से बच नहीं सकते उनके सवाल आज भी सड़कों पर गूंज रहा है। करोड़ों अरबों रुपया का लोन अदानी समूह को क्यों दिया गया इस तरह के अनगिनत सवाल राहुल गांधी जी के द्वारा पूछा गया उन सवालों से बचने के लिए उनके ऊपर तरह तरह के षड्यंत्र साजिश रच कर विपक्ष को पूरी तरह से कुचलने का प्रयास किया गया हैं। आज देश की जनता डरी और सहमी हुई है , आज पूरे भारत में सिर्फ और सिर्फ एक शख्स मोदी और अमित शाह जी के आंख में आंख डालकर कोई सवाल पूछ रहे थे तो वह राहुल गांधी जी थे पर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई लेकिन हम सभी राहुल गांधी जी के साथ है और गांधी के विचारधारा के लोग हैं हमें सवाल पूछने से कोई रोक नहीं सकता हैं ।

विधायक प्रदीप यादव जी ने कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस तरीके से संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म की गई है इस मनमानी और तानाशाह रवैया के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन पूरे भारत में किया जा रहा है बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है राहुल गांधी जी ने



अडाणी के खिलाफ आवाज उठाई 20 हजार करोड़ का कंपनियों में निवेश किया गया ये पैसा किसका है और कहा से आया, उनको रोकने के लिए पहले तो संसद चलने नहीं दी। संसद में बार-बार बोलने की कोशिश की तो उनकी सदस्यता खत्म कर दी... राहुल गांधी के पक्ष में देश की जनता को जगाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पूरे भारत में जिला मुख्यालय पर सत्याग्रह किया जा रहा है। कांग्रेस गांधी के पदि्चन्हों के अनुसार संघर्ष करती रहेगी। अब संसद से सड़क तक हम संघर्ष करेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बीजेपी ने जिस तरीके से सदस्यता खत्म की है यह लोकतंत्र की हत्या है।

जिलाध्यक्ष बोले- संसद से सड़क तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा

दिनेश प्रसाद यादव का कहना है कि अडानी के मामले में राहुल गांधी संसद में सवाल पूछ रहे थे। पहले संसद में बोलना नहीं दिया जा रहा था अब उनकी सदस्यता खत्म कर केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

ऐसा उदाहरण पहली बार हो रहा है। राष्ट्रीय नेता और पार्टियों को खत्म करने काम बीजेपी कर रही है। पूरे भारत में कांग्रेस जिला मुख्यालय पर सत्याग्रह कर रही है। गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाली कांग्रेस हिंसा में विश्वास नहीं करती है। हम सत्याग्रह के माध्यम से बीजेपी वालों को चेताएंगे। भारत देश में तानाशाही की ओर आगे बढ़ रहा है। लोकतंत्र में खतरे में है और इसको बचाने के लिए राहुल गांधी सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठा रहे है।

इस लड़ाई में सड़क से लेकर संसद तक हम लोग आवाज उठाते रहेंगे ।

गोड्डा जिला कांग्रेस का सत्याग्रह शहीद स्तंभ पर नाम आंखो से अजय शर्मा और वेणु चौबे के साथ सभी कांग्रेसी ने देशभक्ति गीत गा कर सत्याग्रह आंदोलन से लोगों का जागरूक किया ।

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म किए जाने के विरोध में आज कांग्रेसी नेताओं और कार्यकताओं ने सत्याग्रह के दौरान उन्होंने रघुपति राघव राजा राम का कीर्तन किया और राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने के खिलाफ आवाज उठाई। इस दौरान कार्यकताओं ने सत्ताधारी बीजेपी पर आरोपों की बौछार की। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी को कोर्ट में अपील करने के लिए 1 महीने तक का समय है तो फिर राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की सरकार को इतनी जल्दी क्या थी। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी गलत नीतियों से लोकतंत्र को कुचलना चाहती है, जिसका कांग्रेसी और आमजन हर स्तर पर विरोध कर रहे हैं। फिलहाल आज का सत्याग्रह शाम 5:00 बजे तक चलेगा।

मौके पर उपस्थित राजीव मिश्रा, ज्योतिंदर झा , प्रियवर्त झा , ऋषिकेश भारद्वाज , विकास सिंह, राकेश रोशन, सुमित कुमार बिट्ठू, अकबर अली, अमर, शर्मा अजय , अमरेंद्र अमर, विनय ठाकुर, याहिया अंसारी, महेरामा प्रखंड अध्यक्ष नंदू राम, बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष आलमगीर आलम, पथरगामा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, महागामा प्रखंड अध्यक्ष , ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नयन राम, जिलाध्यक्ष मुन्ना राजा , बसंतराय जिला परिषद अरसाद वहाब, आसिफ इकबाल, वेणु चौबे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनी झा ,अंजू लता, जुगनू अली, हरिकृष्ण यादव, गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष नवल साह, सुशीला देवी, संभू पंडित, मानोज यादव, तापस घोसाल, दिलीप महतो, राजेश कुमार भगत, उत्तम कुमार ठाकुर, सोनी सिंह, रोहित मंडल, पप्पू कुमार , अर्चना देवी, विकास कुमार मंडल, कर्म सोरन, जीवन मंडल, प्रवेज अख्तर, मुकेश कुमार मंडल, एवं कई गणमान्य कांग्रेसी उपस्थित थे ।

